Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 332 | शुक्रवार, 05 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दोस्त की अगवानी करने खुद हवाई अड्डे पर पहुंचे पीएम मोदी

# भारत के भरोसेमंद मित्र व्लादिमीर पुतिन दिल्ली पहुंचे



**नई दिल्ली।**

हम आपको यह भी बता दें कि रूसी राष्ट्रपति के आगमन से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरों में बदल दिया गया। दिल्ली पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और पुतिन की निजी सुरक्षा टीम ने मिलकर एक बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज शाम कड़ी सुरक्षा के बीच दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुँचे। चार वर्षों बाद भारत आये रूसी राष्ट्रपति का विशेष विमान जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा वैसे ही यह देखकर पुतिन चौंक गये कि वहां अपने दोस्त का स्वागत करने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद थे। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरा आलिंगन इस बात का संकेत था कि वैश्विक राजनीति की तमाम जटिलताओं के बावजूद दिल्ली और मॉस्को के बीच व्यक्तिगत और रणनीतिक भरोसा कायम है। हम आपको बता दें कि पुतिन की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है, रूसझ्रयूक्रेन संघर्ष अपने महत्वपूर्ण मोड़ पर है और भारतझ्रअमेरिका संबंध नए तनावों से गुजर रहे हैं। ऐसे माहौल में पुतिन का दिल्ली पहुँचना न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दशकों पुराने विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के नए अध्याय की शुरूआत का संकेत भी देता है। हम आपको यह भी बता दें कि रूसी राष्ट्रपति के आगमन से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरों में बदल दिया गया।

दिल्ली पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और पुतिन की निजी सुरक्षा टीम ने मिलकर एक बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है।

> 5,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जबकि ड्रोन–रोधी प्रणाली और उन्नत तकनीकी निगरानी तंत्र भी सक्रिय कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मिनट–टू–मिनट कोऑर्डिनेशन के साथ पूरी यात्रा पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है।

## चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 14 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**



जाजपुर के पुलिस अधीक्षक यश प्रताप श्रीमल ने बताया कि जिले में पिछले आठ महीनों से बढ़ रहे लूट और चोरी के मामलों को देखते हुए कई टीमों का गठन किया गया था और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें लगातार काम कर रही थीं। ओडिशा में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले सशस्त्र गिरोह का भंडाफोड किया गया और इस सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 40 लाख रुपये मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया गया। मध्य रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सत्यजीत नायक ने संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए गए 14 लोगों में से 11 चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं, जबकि अन्य तीन चुराई गई वस्तुओं को खरीदने वाले हैं। जाजपुर के पुलिस अधीक्षक यश प्रताप श्रीमल ने बताया कि जिले में पिछले आठ महीनों से बढ़ रहे लूट और चोरी के मामलों को देखते हुए कई टीमों का गठन किया गया था और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें लगातार काम कर रही थीं।

## इंडिगो की 550 उड़ानें रद, भारी गड़बड़ियों के बाद एयरलाइन ने मांगी माफी




**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने दो दिनों से चल रही गंभीर उड़ान बाधाओं के बाद गुरुवार को अपने यात्रियों और उद्योग से जुड़े लोगों से दिल से माफी मांगी है। कंपनी ने कहा कि वह जल्द से जल्द अपनी सेवाओं को सामान्य करने पर काम कर रही है। पिछले दो दिनों में इंडिगोकी उड़ानों में बड़ी संख्या में कैंसिलेशन हुए हैं। एयरलाइन रोजाना करीब 170 से 200 उड़ानें रद कर रही है, जो सामान्य से कहीं अधिक है। कई एयरपोर्ट पर यात्रियों ने बताया कि उन्हें सही जानकारी नहीं मिल रही और वे घंटों तक फंसे रहे। इंडिगोने कहा कि वह यात्रियों को उनकी फ्लाइट में किसी भी बदलाव की जानकारी देती रहेगी। साथ ही कंपनी ने लोगों से अपील की कि वे एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी उड़ान का स्टेटस जरूर चेक करें।

## मिड डे मील की कढ़ी में मिला चूहा, वक्त रहते 460 स्कूलों में भोजन वितरण पर रोक



**गुरुग्राम।** गनीमत रही कि यह खाना बच्चों तक नहीं पहुंच पाया और समय रहते सप्लाई रोक दी गई। जिले में बृहस्पतिवार को मिड डे मील सप्लाई (कढ़ी) में चूहा मिलने की घटना के बाद तत्काल कार्रवाई की गई और लगभग 460 स्कूलों में भोजन का वितरण रोक दिया गया। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों में मिड डे मील परोसने पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। इस्कॉन संस्था की ओर से पहली से आठवीं कक्षा के 377 और छठी से 8वीं तक 77 स्कूलों के विद्यार्थियों को मिड डे मील उपलब्ध कराया जाता था, जो इस रोक से प्रभावित हुए। अचानक भोजन की सप्लाई रुकने से कई स्कूलों में बच्चे भूखे रह गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर मायूसी देखने को मिली। घटना का खुलासा तब हुआ जब सप्लाई टीम खेड़कीदौला सरकारी स्कूल में खाना पहुंचा रही थी। जैसे ही कर्मचारियों ने खाने के कंटेनर खोले, उनमें चूहा पाया गया। गनीमत रही कि यह खाना बच्चों तक नहीं पहुंच पाया और समय रहते सप्लाई रोक दी गई। इस्कॉन द्वारा सप्लाई किए जाने वाले मिड डे मील को लेकर भी पहले कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं।

## प्रदूषण, रुपये की गिरावट, पान मसाला उपकर: संसद के चौथे दिन गरमागरम बहस

**नई दिल्ली।** प्रदूषण पर विपक्ष का शोर संसद की कार्यवाही के सामान्य होने के बावजूद छाया रहा, जहाँ सांसदों ने वायु गुणवत्ता को लेकर प्रदर्शन किया और ₹400 पार₹ नारे पर कटाक्ष भी किया गया, जो वायु प्रदूषण के स्तर को दशार्ता है। रुपये की गिरावट और वक्फ पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाने की मांग जैसे मुद्दे भी उठाए गए, जबकि सरकार ने जल जीवन मिशन में गड़बड़ी स्वीकार न करने और पान मसाला पर उपकर लगाने के फैसले को स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। संसद के शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन था।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री से की मुलाकात, आपसी हित के मुद्दों पर हुई चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मेंटुरोव के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जिसमें निवेश, बैंकिंग और वित्त सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मेंटुरोव के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जिसमें निवेश, बैंकिंग और वित्त सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और रूस दोनों ने पांच दिसंबर, 2025 को होने वाले आगामी 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन से मजबूत परिणामों की उम्मीद जताई है। आपको बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार शाम को दो दिन के दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य लगभग आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करना है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को होने वाली 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता को लेकर बेहतर माहौल बनाने के उद्देश्य से आज शाम पुतिन के लिए एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।दोनों नेताओं के बीच होने वाली वार्ता का मुख्य विषय रक्षा संबंधों को मजबूत करना, भारत-रूस व्यापार को बाहरी दबाव से सुरक्षित रखना और छोटे मॉड्यूलर संयंत्रों में सहयोग की संभावनाओं की तलाश जैसे मुद्दों पर केंद्रित होगा।

## 'फेंसिंग के लिए जमीन अधिग्रहण अभी भी सबसे बड़ी समस्या'

# बीएसएफ ने कहा- बंगाल सरकार का सीमित सहयोग

**सिलीगुड़ी।**



सीमा सुरक्षा बल उत्तर बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक मुकेश त्यागी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर फेंच्सग जरूरी है। इस काम के लिए जमीन अधिग्रहण में परेशानी हो रही है। जमीन नहीं मिलने के कारण फेंसिंग संभव नहीं हो पा रहा है। बंगाल के सिलीगुड़ी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे अधिकार क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश की कुल 936 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा आती है। इसमें से अभी भी 104 किलोमीटर सीमा पूरी तरह खुली हुई है। इनमें 56 किलोमीटर से अधिक नदी क्षेत्र है, जहां फेंसिंग संभव नहीं है, जबकि बाकी 56 किलोमीटर खुली जमीन पर फेंसिंग की जानी है। इसके लिए बीएसएफ ने बंगाल सरकार से जमीन मांगी है, इसके एवज में 51.92 करोड़ रुपये राजकोष में जमा करा दिए गए हैं फिर भी अब तक सिर्फ 20 एकड़ जमीन ही उपलब्ध कराई गई है। इससे करीब पांच किलोमीटर फेंसिंग हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "फेंसिंग के लिए जमीन मुहैया कराने में राज्य सरकार से लिमिटेड सपोर्ट मिल रहा है।" यह भी कहा कि सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए न्यू डिजाइन फेंसिंग (एनडीएफ) का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 250 किलोमीटर पर यह काम पूरा हो चुका है।

> 12 फीट ऊंची फेंसिंग के तार को काटना या उस पर चढ़कर पार करना लगभग असंभव है। जरूरत के हिसाब से इसमें अलार्म सिस्टम भी जोड़ा जा रहा है। साथ ही नाइट विजन और बुलेट–प्रूफ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इससे घुसपैठ और तस्करी की घटनाओं में करीब 85 प्रतिशत की कमी आई है। यह भी बताया कि भारत–बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों और अपराधियों का पूरा डाटाबेस तैयार करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है।

## जहरीली' हवा के बीच सांस लेना मुश्किल

**नई दिल्ली।**



दिल्ली-एनसीआर में आज यानी शुक्रवार को भी कोहरे और स्मॉग की परत छाई हुई है, जिससे एयर क्वालिटी 'बहुत खराब' श्रेणी में रिकॉर्ड की गई है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार, शुक्रवार सुबह सात बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 दर्ज किया गया, जिसे बेहद खराब कैटेगरी में माना जाता है। दिल्ली के कई इलाकों में आज भी हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर बनी हुई है। ऐसे में लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। वहीं, सबसे ज्यादा परेशानी सांस के मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है। विशेषज्ञों ने इन सभी को बहुत जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलने की सलाह दी है। आनंद विहार में आज सुबह सात बजे एक्यूआई 348, अलीपुर में 324, बवाना में 373, बुराड़ी में 326, चांदनी चौक में 352, द्वारका में 343, दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास 267, आईटीओ में 322, जहांगीरपुरी में 353, रोहिणी में 363, विवेक विहार में 355, आरकेपुरम में 374, नरेला में 330 और मुंडका में 356 दर्ज किया गया है। इससे पहले, कल बुधवार को 24 घंटे में राजधानी का औसत एक्यूआई 342 दर्ज किया गया था।

## कश्मीर-हिमाचल की बर्फबारी से बढ़ेगी दिल्ली-एनसीआर में ठंड, यूपी-पंजाब में शीतलहर का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।**

उत्तरी भारत के मैदानी इलाके, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में चल रही बर्फबारी से सीधे प्रभावित होंगे। दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की सर्दी, घना कोहरा और शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। आज सुबह दिल्ली में घना कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने दिल्ली के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब-हरियाणा राज्यों के कई हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। आदमपुर (पंजाब) में न्यूनतम तापमान 2.4त्ऊ तक गिर गया है। कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी शुरू हो गई है। कश्मीर के कई हिस्सों में तापमान फ्रीजिंग पॉइंट (शून्य डिग्री सेल्सियस) से नीचे चला गया है, और हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में भी पानी जमने लगा है। नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर के ऊपरी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति जारी रहने का अनुमान लगाया है।



## संपादक की कलम से

# पंजाब का जल संकट

निस्संदेह, पंजाब इन दिनों दोहरे जल संकट से जूझ रहा है। एक ओर जहां अंधाधुंध भू-गर्भीय जल के दोहन से उसका जलस्तर गिर रहा है, वहीं कीटनाशकों व रासायनिक खादों के बेतहाशा इस्तेमाल से पानी जहरीला होता जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय भूजल बोर्ड यानी सीजीडब्ल्यूबी के नवीनतम आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। संस्था के नवीनतम निष्कर्ष बताते हैं कि पंजाब 156.36 फीसदी भूजल दोहन के साथ इसके अत्यधिक इस्तेमाल में देशभर में अग्रणी है। जो इस बात को रेखांकित करता है कि पंजाब में इसके जलस्रोतों का कितने खतरनाक ढंग से अत्यधिक दोहन किया जा चुका है। लेकिन यह संकट यही समाप्त नहीं हो जाता। इस संकट से जुड़ी त्रासदी यह भी है कि सीजीडब्ल्यूबी की नवीनतम वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट-2025 बताती है कि पंजाब में परीक्षण किए गए भूजल के 62.5 फीसदी नमूनों में यूरेनियम सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक मात्रा में पाया गया है। निश्चित रूप से भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और पानी की गुणवत्ता में गिरावट में गहरा संबंध है।



ललित शर्मा
संपादक

दरअसल, अत्यधिक भूजल दोहन से पानी का स्तर नीचे चला जाता है, जिसके चलते गहरे बोरवेल लगाने पड़ते हैं। जो भूगर्भीय रूप से अस्थिर, खनिज-समृद्ध परतों से पानी खींचते हैं। जो अक्सर यूरेनियम, आर्सेनिक, नाइट्रेट या लवणता से भरी होती हैं। इसके साथ ही, दशकों से चली आ रही सघन कृषि, अधिक सिंचाई वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये भारी मात्रा में सिंचाई और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जिसके चलते भूजल व मिट्टी दोनों ही में प्रदूषकों का रिसाव तेज हो जाता है। इस भयावह संकट को पिछले दिनों राज्यसभा में राजनीतिक आवाज तब मिली, जब सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब में विषाक्त जल संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने चेताया था कि भारी धातुओं और रेडियोधर्मी प्रदूषकों वाला पानी आम लोगों के स्वास्थ्य पर घातक असर डाल रहा है। ऐसा करके उन्होंने देश के नीति नियंताओं को आईना दिखाने का प्रयास ही किया है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में इस चिंता को अभिव्यक्त करके, पर्यावरणीय आंकड़ों के जरिये लंबे समय से दिए जा रहे संकेतों को स्पष्ट रूप से उजागर ही किया है। हमें इस बात का अहसास होना चाहिए कि यह अब कोई दूरगामी पर्यावरणीय चिंता नहीं बल्कि हमारे सामने एक उभरती हुई जन-स्वास्थ्य की आपात स्थिति ही है। देश में अकसर उस ट्रेन का जिक्र किया जाता रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पंजाब के लोग कैंसर के उपचार के लिये राजस्थान के विभिन्न अस्पतालों में जाया करते हैं। जिसे अकसर कैंसर ट्रेन के नाम से पुकारा भी जाता रहा है। निस्संदेह, राज्य के कुओं, बोरवेल या हैंडपंप पर निर्भर लाखों पंजाबियों के लिये, इसका मतलब है कि उनके लिये रोजाना पीने का पानी ही स्वास्थ्य खतरा बन सकता है। जिसके उपयोग से उनके गुर्दे की क्षति, कैंसरकारी घातक प्रभाव और प्रजनन व शारीरिक विकास संबंधी नुकसान हो सकता है। निस्संदेह, इस दिशा में तत्काल निर्णायक कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है। समय की मांग है कि तत्काल प्रभाव से भूजल के अंधाधुंध दोहन पर सख्त अंकुश लगाया जाए। इसके लिये बेहद जरूरी है कि कृषि क्षेत्र पर ध्यान देकर, कम पानी का उपयोग करने वाली फसलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जाए। राज्य के हर शहर व गांव में भूजल गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध करायी जाए।

## उदय किशोर साह



## झुठा है प्रीत का संसार

### कविता

अब ना करेगें किसी से हम प्यार
घोखा ही खाया हूँ मैं प्यार मै हर बार
मत करना कभी प्यार में एतबार
झुठा होता है प्यार का सब इकरार

बन्द हो जाती है खुशियों का हर द्वार
रूठ जाता है प्यार में घर वो परिवार
समाज में होना पड़ता है शर्मसार
हवा महल है जग में प्यार का संसार

वादा निभाना है प्रीत में यहाँ दुश्वार
दो प्रेमी में होता बरबस ही तकरार
लुट मिट जाता है इन्सान का व्यापार
बना देता है प्यार जीवन भर बेरोजगार

सच ही कहा गया है अन्धा होता प्यार
प्रीत की दुनियाँ है बिल्कुल ही बेकार
स्वार्थ के काँधे पे टिका है ये रोजगार
हवा हवाई है प्यार का रंगीन संसार

दौलत की होती है यहाँ जय जयकार
कुछ पल की होती है प्यार में सत्कार
रोना धोना का है ये प्रीत की कारोबार
भूल भूलैया से बचना मेरे प्यारे यार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# संचार साथी ऐप: अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की

**वेलकम इंडिया**









भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। स़रकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग- इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों, तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फजीर्वाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को ह्यनिष्ठा परीक्षणह्ल, ह्यमनोवैज्ञानिक निगरानीह्ल और ह्यगोपनीयता हननह्ल का उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।

सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाजा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तुस्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वतः समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएँ जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अतः संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि ह्लस्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है।ह्व इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, परंतु रचनात्मक आलोचना, जिसमें सुधार की मांग होती है, न कि केवल अस्वीकरण। यदि राजनीतिक वर्ग इस बहस को इसी दिशा में ले जाए, तो संचार साथी ऐप न केवल विवादित विषय रहेगा बल्कि डिजिटल सुरक्षा के लिए नागरिक-हितकारी उपकरण के रूप में स्थापित भी होगा।

निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। – **ललित गर्ग**

# 60 साल का मौन : मिस्र के एरिया-51 में क्या छुपा है?

**वेलकम इंडिया**

क्या इतिहास में कभी ऐसा हुआ है कि किसी महान सम्राट का कोई अनमोल स्वप्न पूरा होने से पहले ही अचानक अधूरा रह गया हो? इस सवाल का जवाब पाने के लिए आपको थोड़ा धैर्य से सुनना होगा। गीजा के तीन विशाल पिरामिडों से केवल 7 किलोमीटर दूर, रेगिस्तान की रेत में दबा एक ऐसा स्मारक पड़ा है, जो मिस्र की सबसे बड़ी अनकही और अधूरी कहानी सुनाता है।

जवियत अल-अरयान एक ऐसा अधूरा पिरामिड है, जिसकी दीवारें कभी पूरी नहीं हो सकीं। इसमें एक भूमिगत कक्ष है, मगर उसमें किसी ज्ञात फराओह की कब्र नहीं है। किस फराओह को यहां दफनाया जाना था, यह भी इतिहासकार निश्चित नहीं कर पाते। यही अधूरापन इसका सबसे बड़ा रहस्य है।

क्योंकि पिरामिड जब पूरा होता है तो वह फराओह की शक्ति का प्रतीक बनता है। लेकिन जब वह अधूरा छूट जाए तो इतिहास के सामने सबसे रोचक सवाल खड़े हो जाते हैं कि

आखिर यहां ऐसा क्या हुआ होगा? निर्माण क्यों रुक गया? यह प्रोजेक्ट कौन चला रहा था?

इसी वजह से जवियत अल-अरयान को पूरी दुनिया 'मिस्र का एरिया-51' कहती है।

0 प्रतिबंधित क्षेत्र में कौन सो रहा है?

गीजा के पिरामिडों से सिर्फ 18 मिनट की दूरी पर स्थित यह स्थान दुनिया के सबसे कम अध्ययन किए गए पिरामिडों में गिना जाता है। पिछले 60 वर्षों में किसी भी पुरातत्वविद, शोधकर्ता या पर्यटक को इस रहस्यमय जगह में कदम रखने की अनुमति नहीं मिली।

1964 से यह पूरा इलाका मिस्र की सेना के नियंत्रण में एक लश्करी प्रतिबंधित क्षेत्र है, इसलिए इसे मिस्र का एरिया-51 कहा जाता है।

1954 में हालीवुड की फिल्म छंल्लङ्गि ३ी ढँ१ंङ्ग२ की शूटिंग यहां हुई थी और यही वह आखिरी अवसर था जब आम लोगों को इस असाधारण पिरामिड के अंदर प्रवेश मिला था।

अधूरा इतिहास

प्राचीन मिस्र का पिरामिड काल आज से लगभग 5000 वर्ष पुराना है, जब मानवता पत्थर और तांबे के औजारों से विशाल स्मारक बनाती थी। पिरामिड केवल एक कब्र नहीं होता था, वह फराओह की दैवी शक्ति, राजनीतिक प्रभुत्व और आध्यात्मिक यात्रा का प्रतीक होता था।

जैसे प्राचीन भारतीय ऋषि यज्ञों द्वारा ऊर्जा को ब्रह्मांड से जोड़ते थे, वैसे ही मिस्र के फराओह पिरामिडों के माध्यम से अपनी आत्मा को सूर्यदेव ह्यराह्ल से जोड़ते थे। पिरामिड का आकार सूर्य की किरणों का



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

प्रतीक माना जाता था, जो फराओह को स्वर्ग की ओर ले जाती हैं।

मिस्र का तीसरा और चौथा राजवंश, जिसे ओल्ड किंगडम कहा जाता है, पिरामिड निर्माण का स्वर्णकाल था (2700झ्र2200 ईसा पूर्व)।

इसी काल में लगभग 4700 वर्ष पहले जवियत अल-अरयान में दो पिरामिडों का निर्माण शुरू हुआ, लेकिन विचित्र बात यह है कि ये दोनों कभी पूर्ण ही नहीं हुए।

0 कार्ल रिचर्ड लेप्सियसः रहस्य उजागर करने वाला पहला व्यक्ति

जर्मन मिस्रविद कार्ल रिचर्ड लेप्सियस (1810झ्र1884) इस स्थान के रहस्यों को समझने वाले पहले शोधकर्ता थे। 1842झ्र1845 में उन्होंने प्रशिया के राजा फ्रेडरिक विलियम कश के संरक्षण में मिस्र और सूडान में विशाल अभियान चलाया।

उन्होंने हजारों शिलालेखों, चित्रों और स्थापत्य विवरणों का संग्रह किया, पहली बार व्यवस्थित रूप से प्राचीन स्मारकों के फोटोग्राफ लिए और 15,000 कला-वस्तुए बर्लिन म्यूज़ियम पहुंचाई।

लेप्सियस की सबसे बड़ी देन है, पिरामिड नंबरिंग प्रणाली, जिसमें उन्होंने सभी पिरामिडों को उत्तर से दक्षिण क्रम में चिह्नित किया। इसी सूची में उन्होंने जवियत अल-अरयान के अधूरे पिरामिड को दर्ज किया, जिसकी जानकारी तब लगभग अज्ञात थी।

1849झ्र1859 के बीच प्रकाशित उनकी 12 खंडों की महान कृति ऊील्लह्मेश्वह्मी१ ४२ औँ८स्र३ील्ल ४ल्ल अी३ँङ्क्स्रील्ल आज भी मिस्रविद्या का अमूल्य स्रोत मानी जाती है।

0 इतिहास क्यों रुक गया?

2613झ्र2494 ईसा पूर्व के बीच, चौथे राजवंश (खुफू, खाफ्रे, मेनकौर) के समय उत्तरी अधूरे पिरामिड का निर्माण शुरू हुआ था। माना जाता है कि इसे फराओह जेडेफ्रे (खुफू के पुत्र) द्वारा प्रारंभ कराया गया था और रोचक बात यह कि उनका पिरामिड भी अधूरा रह गया था।

दोनों पिरामिडों की स्थापत्य शैली समान है। दूसरे पिरामिड का आधार लगभग 40,000 वर्ग मीटर यानी आठ फुटबाल मैदानों के बराबर विशाल था।

0 तो अचानक निर्माण क्यों रुक गया? संभावित कारण

फराओह की अचानक मृत्यु, राज्य में आर्थिक संकट, किसी प्राकृतिक आपदा का प्रहार, शासन-व्यवस्था में बदलाव, युद्ध की स्थिति आदि।

इनमें से किसी भी कारण ने महान परियोजना को ठप कर दिया होगा। प्राचीन युग में पिरामिड निर्माण हजारों श्रमिकों और वर्षों की मेहनत मांगता था। शासन बदलते ही ऐसे कार्य रुक जाते थे। यह अधूरापन हमें सिखाता है कि जैसे महान राजाओं की महत्वाकांक्षाएं अधूरी रह जाती हैं, वैसे ही साधारण मनुष्य के असाधारण सपने भी अधूरे छूट जाते हैं।

0 महान सपना क्यों टूटा?

इस स्थल से शोधकर्ताओं को 67 शिलालेख मिले हैं, काली और लाल स्याही में लिखे हुए। लाल स्याही शीर्षकों के लिए और काली सामान्य लेखन के लिए होती थी। उन्होंने जेडेफ्रे का नाम लिए हुए एक टूटा हुआ समर्पण पट भी मिलने का दावा किया। कई शिलालेखों में एक कार्टूश मिलता है, नीचे 'का' (आत्मिक शक्ति) का चिह्न स्पष्ट है, लेकिन उसके ऊपर के चिह्न धुंधले हैं। इसलिए अलग-अलग विद्वानों ने अलग नाम पढ़े हैं- नेबका, बिक-का, शेन-का, नेफर-का या सेथ-का।

हर नाम एक अलग फराओह की ओर इशारा करता है। यही कारण है कि यह पिरामिड किस फराओह ने बनवाया? यह इतिहास की सबसे रहस्यमय पहेली बन गया है।

0 आज हालत बदहाल क्यों है?

आज इस क्षेत्र में सेना की कई इमारतें बनाई जा चुकी हैं, जिनसे संभव है कि महत्वपूर्ण पुरातात्विक संरचनाएं मिट गई हों। सबसे दुखद तथ्य यह है कि भूमिगत कक्ष को स्थानीय लोगों ने कचरा फेंकने की जगह बना दिया है। जहां गीजा के पिरामिड हर साल लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, वहीं जवियत अल-अरयान एक अधूरा जन्मा, भुला दिया गया बच्चा बनकर रह गया है।

आधुनिक तकनीक ग्राउंड-पेनिट्रेटिंग रडार, 3ऊ मैपिंग, कार्बन डेटिंग यहां इस्तेमाल ही नहीं की जा सकती, क्योंकि सेना अनुमति नहीं देती।

0 सबक : विरासत की रक्षा हमारी जिम्मेदारी

यह स्थिति हमें याद दिलाती है कि पुरातात्त्विक स्थल केवल ऐतिहासिक वस्तुएं नहीं, मानवता की साझा धरोहर हैं। जब हम इनका संरक्षण नहीं करते, तब हम अपने पूर्वजों की उपलब्धियां और ज्ञान दोनों खो देते हैं। दुनिया के सभी पुरातात्त्विक स्थल, हमारी सामूहिक विरासत

और उनका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज की छात्रा निशु प्रजापति ने नोर्थ जॉन कराटे प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर किया कॉलेज का नाम रोशन

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/नागल।** मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर निशु प्रजापति को ?31000/ का चेक देकर किया गया सम्मानित इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही कोटा सहारनपुर की बीपीईएस फाइनल ईयर की छात्रा निशु प्रजापति ने जहां इंद्रप्रस्थ कॉलेज का नाम रोशन किया है तो वहीं अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए जिले का नाम भी रोशन किया है। निशु प्रजापति ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर निशु प्रजापति को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने ?31000/ रुपए का चेक देकर सम्मानित किया।इसी क्रम में इंद्रप्रस्थ कॉलेज की निदेशक डॉ अंजू वालिया, डिप्टी डायरेक्टर आशुतोष गुप्ता, बीपीईएस विभाग के भूपेंद्र कुमार, सोनम राजपूत ने निशु प्रजापति को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा कि निशु प्रजापति एक प्रतिभाशाली, होनहार छात्रा है जिसके मैं उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यह छात्रा बहुत सारे अवार्ड प्राप्त कर चुकी है। संस्था के चेयरमैन डा. एस. सी. कुलश्रेष्ठ व संस्था के सचिव श्री संकल्प कुलश्रेष्ठ ने निशु प्रजापति को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# रामपुर मनिहारान कोतवाली की कमान संभालते ही इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव का सख्त संदेश

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव को रामपुर कोतवाली का प्रभारी बनाया इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव बहुत ही कुशल व्यवहार के व्यक्ति हैं।इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने चार्ज संभालते ही कहा अपराधियो पर अंकुश, नशा व महिला उत्पीड़न पर जीरो टॉलरेंस- जनता की सुनी जाएगी फरियाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था मे सुधार लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा किये गये थे फेरबदल इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव मेहनती व ईमानदार और जनता के हितो को ध्यान मे रखकर ड्यूटी करने वाले व्यक्ति हैं ? इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने रामपुर कोतवाली का चार्ज संभाला - पुलिस लाइन से आए इंस्पेक्टर राधेश्याम ने पहली बार कोतवाली की कमान सभाली उन्होंने बताया की कोतवाली क्षेत्र की सुरक्षा की सबसे पहली जिम्मेदारी है और यहां किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- चार्ज संभालते ही उन्होंने कोतवाली में जनसुनवाई की, आम नागरिको से संवाद किया और क्षेत्र की समस्याओं को सीधे सुना- उनका नजरिया तीन मुद्दों पर साफ नजर आया कानून व्यवस्था बनाये रखना, नशा तस्करी पर नकेल और महिलाओं की सुरक्षा उन्होंने क्षेत्र के लोगों को विश्वास दिलाया और कहा पुलिस आपकी मित्र है और जनता की सेवा करना पुलिस का दायित्व है।

# रोजगार सृजन में नवाचार-निष्प्रयोज्य वाहन बनेंगे आजीविका का साधन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जनपद में रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा एक अनूठी और दूरदर्शी पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत जनपद में निष्प्रयोज्य पड़े शासकीय वाहनों को पुनः उपयोगी बनाकर रेहड़ी-पटरी व्यापार हेतु मोबाइल यूनिट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे रेहड़ी-पटरी से जुड़े पात्र व्यक्तियों को संगठित, सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध हो सके।इस प्रयास की शुरूआत जिला चिकित्सालय में वर्षों से खड़ी एक निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस से की गई है, जिसे ऐसे स्वरूप में रूपांतरित किया जा रहा है कि लाभार्थियों को अपनी आजीविका के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित कार्यस्थल प्राप्त हो सके। रूपांतरित मोबाइल यूनिट को ऐसे स्थानों पर लगाने की व्यवस्था की जाएगी, जहाँ यातायात बाधित न हो तथा स्वाभाविक रूप से व्यापार के अवसर उपलब्ध हों। इस मॉडल के सफल होने पर जनपद में उपलब्ध 50 से अधिक निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को इसी प्रकार परिवर्तित कर और अधिक पात्र व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी।

संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग, शहरी व्यवस्थापन और आजीविका संवर्धन का यह नवाचार की संवेदनशीलता और बेहतर दिशा में एक प्रेरणादायक है। यह पहल न केवल रीहड़ी-पटरी से आजीविका चलाने वाले परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य विकल्प उपलब्ध कराएगी, बल्कि शहरी क्षेत्रों में अनियमित व्यापार से होने वाली अव्यवस्थाओं को भी कम करेगी। प्रशासन का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी से जुड़े व्यक्तियों को असंगठित स्वरूप से बाहर लाकर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका का अवसर प्रदान करना है।

# उर्स कुल शरीफ में कव्वाली महफिल में झूमें सूफी संत

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद हजरत बाबा बेफिक्र शाह की दरगाह पर चल रहा 69 वां हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक उर्स मेले में कुल शरीफ हुआ जिसमें कव्वाली महफिल का आयोजन किया गया जिसमें सूफी संत जमकर झूमें और इस दौरान कव्वाल खलील साबरी पर जमकर नजराने में नोट बरसाए। दरगाह सज्जदा नशी सूफी सकलेन हसन मिया ने बतया की कब्बालियों का समापन हुआ है लेकिन मेला 18 दिसम्बर तक चलेगा। इस मौके पर दरगाह सज्जदा नशी सूफी सकलेन हसन मिया ने उर्स मे सहयोग करने वाले सभी मुरीदो की दस्तार बंदी की और देश में अमन चैन कायम रखने की दुआ मांगी। इस मोके पर उन्होंने कहा की यह उर्स मेला हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है हमें इस परम्परा को आगे भी कायम रखना है।

# रामपुर ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट का पहला मैच रजा क्लब ५२ बाबा 11क्लब के साथ खेला गया टूनार्मेंट का दूसरा मैच एकता क्लब ५२ गोल्डन क्लब के बीच खेला गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** रामपुर ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट का पहले मैच रजा क्लब ५२ बाबा 11 क्लब के बीच खेला गया जिसमें रजा क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर रजा क्लब की ओर से शारिक मियां ने 30 रन बनाए नावेद अली ने 31 रन का योगदान दिया जबकि बाबा 11क्लब की ओर से नावेद खान वा फिरोज अली ने दो-दो विकेट लिए बाबा 11

क्लब ने पीछा करते हुए 9 ओवर 4 बालों में 104 रन बनाकर यह लक्ष्य आसानी से पूरा कर लिया साथ विकेट से बाबा 11क्लब ने इस मैच को जीत लिया इस मैच के चीफ गेस्ट वरिष्ठ समाजसेवी शारिब अली खा रहे। गेम चेंजर गुलवेज खां रहे प्ले ऑफ द मैच फिरोज अली रहे जिनको चीफ गेस्ट द्वारह्व सम्मानित किया गया इस अवसर पर आयोजक सैयद अदील मियां अमीर कुरैशी फरहान गुल ज्वाला प्रसाद पवन यादव आदि मौजूद रहे. लीग का दूसरा मैच एकता क्लब ५२ गोल्डन क्लब के बीच खेला गया एकता क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 20 ओवर में 170 रन बनाए जिसमें 55 रन फवाद खान ने बनाए और उस्मान ने 45 रन बनाए गोल्डन क्लब के बॉलर आमिर, हकीब खान दो-दो विकेट लिए गोल्डन क्लब ने 171 रन का लक्ष्य पीछे करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 130 रन ही बना पाई जिसमें सिद्धू ने महत्वपूर्ण 29 रन ही बनाए एकता क्लब के बॉलर सज्जाद पोलार्ड ने तीन विकेट लिए उस्मान ख्वाजा ने दो विकेट लिए जिससे गोल्डन क्लब 40 रन से हार गई इस मैच का मैन ऑफ द मैच अच्छे प्रदर्शन के लिए उस्मान ख्वाजा को बनाया गया और गेम चेंजर का अवार्ड फवाद खान को दिया गया जिनको वरिष्ठ समाजसेवी शाहवेज उर्फ शैजी ने सम्मानित किया

# सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

रामपुर के सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की और उन्हें एक आधिकारिक पत्र सौंपा, जिसमें वटटएएऊ

पोर्टल पर वक्फ डेटा अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया है।इसलिए कि मुल्क भर में अभी बहुत सारी मस्जिदों, कब्रिस्तानों और अन्य वक्फ संपत्तियों का डेटा अपलोड होना बाकी है, और पोर्टल में आ रहीं तकनीकी समस्याओं की वजह से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजू ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी

# पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्ध बाबा गंगा घाट और मां अवंतिका देवी गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने मार्गशीर्ष पूर्णिमा के मौके पर आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी ।आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था जो कि दोपहर के बाद तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने घाटों पर श्रीसत्यनारायण भगवान की कथा पुराहितों से विधिवत कराई। ठंड के बावजूद घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं शांति व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में घाटों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। वही नरौरा, रामघाट, कर्णवास,अनूपशहर, राजघाट, आदि घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

# यूनिवर्सल एकेडमी में अंतरसदनीय संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में अंतरसदनीय संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 11 के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने शास्त्रीय फिल्मी और लोकगीत जैसे विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों का मन मोह लिया। कक्षा 3 से 6 तक के नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज से वातावरण को सुरमई बना दिया ।वही कक्षा 7 से 11 के छात्रों ने अपनी लय और संगीत कौशल का शानदार प्रदर्शन किया निर्णायकों ने गायन कला मधुर आवाज, स्पष्ट अभिव्यक्ति और मंच संचालन के आधार पर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। इस प्रतियोगिता में सोलो सिंगिंग में जूनियर विभाग से प्रथम स्थान पर पार्थ (जल सदन), द्वितीय स्थान श्रेया (पृथ्वी सदन ) और तृतीय स्थान पर नित्या ( अग्नि), अथर्व ( वायु सदन) .रहा।

वही सीनियर विभाग से प्रथम स्थान पर ग्रेसी ( पृथ्वी सदन) , द्वितीय स्थान पर इशिका (जल सदन ) तथा तृतीय स्थान पर ( मोक्ष ) अग्नि और आदित्य (वायु सदन) रहा। सभी सदन में सामूहिक गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने समां बांधा सामूहिक गायन प्रतियोगिता में जल तथा वायु सदन प्रथम स्थान पर ,व पृथ्वी तथा अग्नि सदन सदन द्वितीय स्थान पर रहा।

सभी बच्चों की इस कला को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी व उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने कहा कि गायन केवल एक कला ही नहीं बल्कि भावनाओं को व्यक्त करने का सबसे प्यारा माध्यम है हम आप सभी बच्चों की हिम्मत, मेहनत और प्रतिभा की सराहना करते हैं और आज यहां मंच पर खड़ा होने वाला हर बच्चा हमारे लिए विजेता है क्योंकि आपने अपने डर पर जीत पाई है और अपनी आवाज से सब का दिल जीतने के लिए तैयारी की है आत्मविश्वास ही सबसे बड़ा सुर होता है।

# बिना पानी पिए पानी का बिल भरने को मजबूर सईदगढी के निवासी नहीं देंगे दोगले नेताओं को वोट भाजपा को वोट देने की कह रहे लोग

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** नगर पंचायत का अनोखा कारनामा। पानी की सप्लाई किए बिना पानी का बिल वसूला जा रहा है। इस स्थिति के चलते मौहल्ला सईदगढी के लोगों में गहरा आक्रोश है और उन्होने दोगले नेताओं को वोट ना देकर भाजपा को वोट देने की बात खुलकर कही है।

कस्बे के मौहल्ला सईदगढी में नगर पंचायत के सर्वेसवाओं ने सालों पूर्व सुचारू वाटर सप्लाई हेतु लाखों की लागत से एक पंप लगवाया था। पंप लगने के बाद लोगों से पानी के कनेक्शन हेतु आवेदन पत्र जमा कराए और उनके पानी के कनेक्शन मंजूर कर दिये। पानी के कनेक्शन मंजूर करने के तुरंत बाद पानी के बिल निर्धारित दर से भेजने शुरू कर दिए।

# यूनिवर्सल एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना का शैक्षिक भ्रमण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के कक्षा 11 के विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान केंद्र ,नगीना का भ्रमण कराया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक भ्रमण की गाड़ी को रवाना किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कृषि के प्रति जागरूकता, शोध एवं कृषि उत्पादकता आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त करना है। अनुसंधान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ के के सिंह हेड ऑफ कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ शिवांगी साइंटिस्ट ऑफ एग्रोनॉमी, डॉ प्रतिमा गुप्ता साइंटिस्ट ऑफ हार्टिकल्चर, डॉ पिंटू कुमार प्लांट प्रोटेक्शन, मिस्टर अमरजीत सिंह लैब टेक्नीशियन द्वारा बच्चों को अनुसंधान शाला का भ्रमण कराते हुए वहां किए जा रहे शोध कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा विभिन्न फसलों के उत्पादन की, नवीन तकनीक, नवीनतम प्रजातियां और मौसम संबंधी उपकरणों से भी अवगत कराया। उन्होंने पौधों के आवश्यक पोषक तत्वो की जानकारी मशरूम उत्पादन, स्ट्रॉबेरी उत्पादन, खाद निर्माण, गेहूं , सरसों की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी।

बच्चों ने भी इनके द्वारा दी गई जानकारियो को बड़े उत्साह से देखा, समझा तथा प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। इस अवसर पर सभी कक्षा अध्यापक/ अध्यापिकाएं एवं शिक्षक अजीत, अभिलाष, रेणु, नीलम का सहयोग रहा। विद्यालय लौटने पर सभी बच्चों ने अपने अपने अनुभवों को सबके सामने साझा किया और ट्रिप को शिक्षा प्रद बताया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने कहा कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में अतिरिक्त ज्ञान की वृद्धि होती है तथा नई-नई तकनीक की नई जानकारियां मिलती हैं।

## किठौर मॉडल की गूंज

# डीआईजी ने थाने की व्यवस्था को पूरे रेंज में लागू करने की घोषणा की

**वेलकम इंडिया**





**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने किठौर थाने का व्यापक और गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, साइबर डेस्क, मिशन शक्ति कक्ष, बैरक, मैस और कार्यालय सहित सभी महत्वपूर्ण इकाइयों की सूक्ष्म जांच की।डीआईजी ने स्पष्ट कहा कि पुलिस कार्य में शिथिलता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी।

निरीक्षण के समय एसएसपी डॉ.विपिन ताडा, एसपी देहात अभिजीत कुमार, एएसपी अन्तरिक्ष जैन और सीओ किठौर प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।डीआईजी ने ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर उन्हें कम्बल भेंट किए और निर्देश दिया कि गांव की छोटी से छोटी सूचना भी तुरंत थाने तक पहोंचाई जाये।उन्होंने निर्देश दिया कि महिला शिकायतें पहले ही दिन मिशन शक्ति रजिस्टर में दर्ज हों। महिला पुलिस को बीट क्षेत्र में नियमित गश्त का आदेश दिया गया।साइबर जागरूकता में उत्कृष्ट कार्य हेतु उपनिरीक्षक किरण कुमारी को सम्मानित किया गया। डीआईजी ने छह माह से अधिक पुराने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आदेश दिया। विवेचनाओं का सही बंटवारा और बीट पुलिस को क्षेत्र की प्रत्येक एफआईआर की संपूर्ण जानकारी रखने का भी निर्देश दिया गया। बीट बुक को तत्काल अपडेट करने तथा जहां चौकीदार नहीं हैं, वहां नई नियुक्ति का प्रस्ताव भेजने को कहा गया।डीआईजी ने हिस्ट्रीशीटरों की नियमित जांच, भूमि विवादों पर तत्काल कार्रवाई, गैंगस्टर व गुंडा एक्ट की मजबूत फाइलें तैयार करने तथा सीमावर्ती स्थानों पर संयुक्त चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। मैस में पौष्टिक भोजन, बैरकों की स्वच्छता, मालखाने की सुरक्षा व्यवस्था और जब्त वाहनों की शीघ्र नीलामी पर विशेष जोर दिया गया।

### किठौर मॉडल पूरे रेंज में लागू होगा

निरीक्षण के अंत में डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि किठौर थाने की व्यवस्था अनुकरणीय है।इसे ह्यकिठौर मॉडलह्व के रूप में पूरे मेरठ रेंज में लागू किया जाएगा।

## जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गई वृद्ध महिला की गला घोंटकर हत्या

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव खेतलपुर भासोली में बुधवार देर रात एक वृद्ध महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। महिला पड़ौस में एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। जिसके बाद उसका शव स्कूल के पास पड़ा मिला। देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।गांव खेतलपुर भासौली में उषा देवी (62वर्ष) पत्नी स्वर्गीय राजपाल सिंह अपने परिवार के साथ रहती थीं।बुधवार की रात उषा देवी अपने पड़ोस में एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। देर रात तक महिला के वापस नहीं आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान स्कूल के पास पथवारी पर महिला का शव पड़ा मिला।

## दबंगों ने घर में घुसकर परिवार को पीटा, बच्चा रोते हुए अपने पिता को छोड़ने की लगाई गुहार, वीडियो वायरल

**वेलकम इण्डिया**





**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के थाना क्षेत्र डुमरियागंज के पोखरा कानूनगो गांव में शुक्रवार को एक परिवार पर हमला हुआ। घर में घुसकर पिता, पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट की गई। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

आपको बता दें कि पीड़ित राम प्रताप पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह वे खेत में काम कर रहे थे। उनका बेटा साइकिल से उनके पास आ रहा था। तभी गांव के एक युवक ने बच्चे को रोका और उसके साथ मार-पीट कर लिया। वहीं राम प्रताप पाण्डेय ने जब युवक के घर जाकर विरोध जताया, तो विवाद बढ़ गया और उन्हें वहां से लौटना पड़ा। वहीं दोपहर तक गांव के आठ लोग राम प्रताप पाण्डेय के घर पहुंचे और उनके साथ ही उनकी पत्नी और बच्चों के साथ भी मार-पीट की। वहीं वायरल वीडियो में एक बच्चा रोते हुए अपने पिता को छोड़ने की गुहार लगा रहा है। वायरल वीडियो में दो से तीन लोग राम प्रताप पाण्डेय को पीटते हुए दिख रहे हैं। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार शाम मार-पीट के बाद जब वे बेंवा सीएचसी में मेडिकल जांच कराने पहुंचे, तो कुछ लोगों ने डॉक्टर को जांच करने से रोक दिया।

## सार संक्षेप

### काशी सांसद बालकवि सम्मेलन का हुआ आयोजन




**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** काशी सांसद बालकवि सम्मेलन का गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठटरा में आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठठरा ग्राम प्रधान सुनील बिन्द रहे।मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समस्त 12 विधाओं पर कविता पाठ का संचालन किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय पूरे, कंपोजिट विद्यालय चित्रसेनपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठटरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिहडा, प्रोजेक्ट माला गुड़िया और कंपोजिट विद्यालय गुड़िया के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आलोक त्रिपाठी द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन में विजेताओं मे खुशी दुबे, प्रिंस पाल, आकाश, निधि, योगिता, विनय मौर्य इत्यादि छात्र रहे। निर्णायक मंडल में प्राथमिक विद्यालय ठटरा प्रथम से कल्पना सिंह तथा कंपोजिट विद्यालय पूरे से विनोद कुमार वर्मा रहे समापन चंद्रबली पटेल प्रधान अध्यापक द्वारा किया गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समाज सेवक डॉ जावेद फारूकी ने की खास अपील

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति रामविलास पासवान पार्टी के नेता समाज सेवक जावेद फारूकी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की खास अपील वक्फ संपतियों रजिस्ट्रेशन की डेट आगे बढ़ाने की मांग की ।वक्फ (संशोधन) अधिनियम के तहत 2025 के तहत लॉन्च किए गए उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपतियों की डिटेल्स अपलोड करने की अंतिम समय सीमा 5 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रही है। लेकिन तकनीकी की वजह से पुराने दस्तावेजों की कमी और कम समय के कारण बड़ी संख्या में पोर्टल पर अपलोड नहीं हो रही हैं । तारीख बढ़ाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया है।

### पर्यावरण प्रेमी ने जन्मदिवस पर किया पौधारोपण



**मथुरा/गोवर्धन।** समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित पंडित दाऊदयाल शर्मा ने अपने जन्मदिन को प्रेरणादायक रूप देते हुए जतीपुरा स्थित श्मशान भूमि पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के 11 पौधे रोपे और स्थानीय लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का संदेश दिया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और तेजी से कटते वृक्षों के बीच पौधारोपण ही भविष्य को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से समाजसेवी ने दिखाया कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसरों को भी समाज और प्रकृति की सेवा से जोड़ा जा सकता है। उनका यह कदम स्थानीय क्षेत्र में सराहना का विषय बना हुआ है। इस मौके पर बाबा श्याम दास दंडोता वाले, राहुल फौजदार, विक्रम फौजदार, वनों फौजदार, श्यामसुंदर उपाध्याय, भानु भारद्वाज, गगन शर्मा, वासु, चंद्रशेखर शर्मा सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## बिना रजिस्ट्री के ही नहर विभाग के द्वारा किया जा रहा पुल निर्माण का कार्य

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर टोला मटियारिया के नजीर, राजेश कुमार, राकेश कुमार अवध राम, आदि के गाटा संख्या 266 मिन्न 0.1520 हेक्टेयर भूमि पर नहर विभाग के द्वारा बिना सरकार के द्वारा बैनामा कराये ही वा मुआवजा दिए ही पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा था जिसकी सूचना गांव वालों को मिली गांव वालों ने इसका काफी विरोध किया गांव के किसी व्यक्ति ने प्रधान संघ जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा को सूचना दी।

उन्होंने मौके पर पहुंच कर उच्च अधिकारियों से वातार्लाप कर तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर के ग्राम प्रधान वीरेंद्र चौधरी,पूर्व प्रधान मोहम्मद मुस्लिम, समाजसेवी राधेश्याम मिश्रा, पुजारी निषाद, फूलचंद यादव, संजय पांडे रिंकू चौधरी, आदि कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

इस संदर्भ में एसडीओ सिंचाई विभाग से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें जानकारी नहीं थी जानकारी मिलने पर निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया है।

विभाग को अवगत कर दिया गया है विभाग के द्वारा जो भी आश्वासन मिलेगा उसके बाद पुनः निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद मुनि महाराज द्वारा पंडाल में वेदी शुद्धि संपन्न हुआ

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ ।** गुरुवार को उपाध्याय 108 वृषभानंद जी मुनि महाराज ससंघ कमला नगर जैन मंदिर से जन समूह व बैंड बाजे के साथ भव्य जुलूस के रूप में पंचकल्याणक महामहोत्सव पंडाल (अयोध्या नगरी) पहुंचे वहां उन्होंने वेदी शुद्धि कार्यक्रम बाल ब्रह्मचारी नमन भैया के नेतृत्व में सुनील जैन अमन जैन परिवार (जनरेटर वाले) निवासी श्री राम पैलेस के कर कमलो से संपन्न कराया। कार्यक्रम में महोत्सव चेयरमैन वीरेंद्र जैन (पुष्प ज्वेलर्स) ऋषभ जैन अजय जैन प्रदीप जैन आलोक जैन विपिन जैन सन्मति पेंट्स संजीव जैन पंप वाले प्रियांक जैन आनंद जैन संजय जैन अभिनव जैन संजीव जैन (प्रवक्ता) सहित संपूर्ण साधु सेवा समिति उपस्थित रही उपस्थित धर्म प्रेमियों को उपाध्याय श्री द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। इसके उपरांत उपाध्याय श्री ने एक दिन के प्रवास हेतु सरस्वती लोक जैन मंदिर के लिए प्रस्थान करा।

5 दिसंबर को प्रातः भव्य कलश घट यात्रा कमला नगर मंदिर से प्रारंभ होकर श्री रामलीला मैदान अयोध्यानगरी दिल्ली रोड पर पहुंचेगी 5 तारीख शाम को भक्तिभाव से ओतप्रोत भजन संध्या में इंदौर के मशहूर गायक मयूर जैन (भजन सम्राट) के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## वक्फ संपतियों अभी तक अपलोड नहीं आज आखिरी दिन : एडवोकेट इरशाद अहमद

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम के तहत 2025 के तहत लॉन्च किए गए उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपतियों की डिटेल्स अपलोड करने की अंतिम समय सीमा 5 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रही है। लेकिन तकनीकी की वजह से पुराने दस्तावेजों की कमी और कम समय के कारण बड़ी संख्या में पोर्टल पर अपलोड नहीं हो रही हैं । तारीख बढ़ाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया है। संसद सत्र भी चल रहा है ऐसे कई सांसदों ने भी केन्द्रीय मंत्री किरन रिजुजी से मिलकर पत्र लिखकर सरकार से समय बढ़ाने की मांग लगातार मांग कर रहे हैं ।

कोर्ट के सीनियर एडवोकेट इरशाद अहमद ने भी गुरुवार को मीडिया से बातचीत में सरकार से अपील की है उम्मीद पोर्टेल का सर्वर डाउन होने की वजह से वक्फ संपतियों की रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाई है ऐसे में सरकार से अनुरोध है कि डेट थोड़ा और आगे बढ़ाया जाए, सरकार ने तो वक्फ संपतियों की साफ जानकारी के लिए ही ये बिल लाया गया है ऐसे में अगर उम्मीद पोर्टल रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया तो मुस्लिम समुदाय के साथ नाइंसाफी होगी और मुझे उम्मीद है सरकार इस पर विचार जरूर करके किसी खास समुदाय के साथ नाइंसाफी नहीं होने देगी।

एडवोकेट इरशाद अहमद ने कहा 5 दिसंबर आखिरी दिन है और मुझे पूरा यकीन है हमारा अनुरोध को सरकार स्वीकार करके थोड़ा और समय देकर इंसाफ जरूर करेंगे।

## सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव का आरोप - सूची में नाम होने के बाद भी नहीं दिया गया गणना प्रपत्र

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** भारत चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे रकफ फार्म गणना प्रपत्र में प्रशासन की तरफ से हो रही घोर लापरवाही और कमियों को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा तथा जमीनी स्तर पर आ रही कर्मियों को अवगत भी करवाया।

शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों का नाम 2003, 2024 और 2025 की वोटर लिस्ट सूची में दर्ज होने के बाद भी गणना प्रपत्र नहीं दिया गया। कही कहीं पर 2003 की वोटर लिस्ट पहले कुछ और क्रमांक का जारी हुआ था बाद में कुछ और सीरियल क्रमांक का जारी होने के कारण लोग मे अपना सीरियल क्रमांक को लेकर असमंजस की स्थिति है ऐसे में प्रशासन को ये बताना चाहिए कि कौन सा सीरियल क्रमांक नंबर मान्य है अधिकांश मतदाताओं का स्वयं का नाम उनके मां-बाप, दादा- दादी, नाना-नानी का नाम 2003 के मतदाता सूची में दर्ज है।

गणना प्रपत्र सही भरने के बाद भी बीएलओ द्वारा साइट न खुलने का हवाला देकर ऑप्शन 3 में फॉर्म अपलोड कर दिया है उन फॉर्मों को रे-वेरीफाई करवाया जाए और मतदाताओं को यह बताया जाए कि उसका फॉर्म किन ऑप्शन (कैटेगरी) में भरा गया है जब चुनाव आयोग ने एडिटिंग का ऑप्शन दे दिया है सारे फॉर्मों को एडिटिंग करवाया जाए। जहां अल्पसंख्यक और वंचित तबके के लोगों की आबादी ज्यादा है वहां योजनाबद्ध तरीके से ये किया गया है इसकी जांच भी होनी चाहिए । ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा दो के जगह एक गणना प्रपत्र दिया जा रहा है और कई जगह पर तो रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है जो एक साजिश लग रही है। यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है आगे उन्होंने कहा कि मतदाताओं का जो फॉर्म प्रशासन की लापरवाही से गलत ऑप्शन 3 में लोड किया गया है उसे एडिटिंग करके सुधार कर ऑप्शन 1 और 2 में भरा जाए तथा गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण वी संग्रह सुनिश्चित किया जाए मतदाताओं को यह नहीं लगना चाहिए कि उनके वोट को सत्ता की सुविधा के अनुसार गायब किया जा रहा है।

इस दौरान सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सद्दाम हुसैन, सपा युवा नेता रियाज अहमद, सोनू प्रजापति, सरताज अहमद, अनिल कुमार गुप्ता, अशफाक अहमद खान, शमशाद अहमद, मंगल यादव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## भाजपा कार्यालय में अभियानों को लेकर बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रीत विहार में विभिन्न अभियानों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से एसआईआर अभियान एवं एमएलसी/स्नातक चुनाव अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माद्रे ने कार्यकताओं को संबोधित किया और कहा कि दोनों अभियान पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर की तिथि बढ़ चुकी है, जो हम सभी के लिए सुनहरा अवसर है। ऐसे सभी फर्जी, डबल या अस्तित्वहीन वोटों को हटवाना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही अधिक से अधिक कॉलेजों और स्कूलों में जाकर ग्रैजुएट मतदाताओं से संपर्क करें और अधिक से अधिक लोगों के वोट बनवाएं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर सतत प्रयास करने होंगे ताकि अभियान को सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।बैठक में जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष कपिल एस.एम., पायल गुप्ता, पिंकी त्यागी, कविता बाना, सुमित पर्चा, प्रवीण शर्मा, विक्रांत शर्मा, आशीष चौधरी, दिनेश त्यागी, सुनील वर्मा, दीपक गौड़, तरुण चौहान, अमित सिवल, कुणाल चौधरी, शिवम ठाकुर, पवन गर्ग, ललित मोदी, यशपाल सिंह सिसोदिया एवं जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गलत ऑपरेशन के मामले में जनता हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** युवती के गलत ऑपरेशन के मामले में जनता हॉस्पिटल फ्रैक्चर सेंटर गौहनिया को सील कर दिया गया। इस मामले में इलाज में लापरवाही के आरोप में डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या की प्रथमिकी भी दर्ज की गई है। अस्पताल में मरीज के इलाज से संबंधित कोई भी कागजात नहीं मिलने पर सील करने की कार्रवाई की गई है।

जोगिया थाना क्षेत्र के पारा नानकार निवासी युवती के भाई अविनाश मिश्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन मीनाक्षी उर्फ तुलसी देवी के गुर्दे में पथरी थी, जिसका ऑपरेशन जनता हॉस्पिटल व फ्रैक्चर सेंटर गौहनिया में हुआ था। आरोपित प्रभाकर मणि त्रिपाठी अपने आप को सर्जन डॉक्टर बता कर लेजर विधि से ऑपरेशन करने के लिए कहा था, लेकिन चीरा लगा कर दिया गया। गलत तरीके से ऑपरेशन करने के कारण बहन के पेशाब की नली की नस कट गई थी। उसकी बहन जिंदगी के लिए जूझ रही है।

बुधवार को चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम एसीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉ. एके आजाद, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के सर्जन डॉ, आशीष कुमार त्रिपाठी की टीम ने जांच करके हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई की है।

# बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ





**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के बी पी एन जूनियर हाई स्कूल, छोटी नहर पटरी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया ।प्रतियोगिता 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएँ खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर व 1000 मीटर दौड़ सहित कई खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छोटे बच्चों के लिए भी विशेष मनोरंजक खेल रखे गए हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। विद्यालय प्रतिवर्ष इसी उद्देश्य से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आ रहा है ।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद कैप्टन मदनपाल समिति की अध्यक्षा अलका चौहान एवं डॉ. जनेश्वर चौहान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कुशांक चौहान ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और फिटनेस का आधार हैं। उन्होंने छात्रों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैदान में सीखे गए गुण जीवनभर सफलता के मार्ग को सरल बनाते हैं। कुशांक चौहान ने बच्चों को नियमित अभ्यास करने और अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र भविष्य में खेल जगत में जिले का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय स्टाफ ने विजेता छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।इस दौरान प्रबंधक श्वेता चौहान, कुसुम चौहान, प्रधानाचार्य शमा परवीन सहित विद्यालय के सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत साक्षात्कार दिनांक 09 दिसंबर को विकास भवन में

**संतकबीरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने बताया है कि *"बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना"* के अन्तर्गत विकास खण्डों पर आवेदन प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सामान्य जाति हेतु 18 एवं अनुसूचित जाति हेतु 12 का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन/स्वीकृति के क्रम में जिला स्तरीय चयन एवं क्रियान्वयन समिति द्वारा विकास भवन, सन्त कबीर नगर के सभाकक्ष में दिनांक 09-12-2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे आवेदकों का साक्षात्कार/चयन किया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त के दृष्टिगत समस्त आवेदनकर्ताओं को सूचनार्थ अवगत कराया है कि आवेदनकर्ता अपने विकास खण्ड से सम्पर्क कर दिनांक 09-12-2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास भवन, सन्त कबीर नगर के सभाकक्ष में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# गौडीय संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे बाबा वनमाली दास महाराज : आचार्य अच्युत लाल भट्ट



**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** रमणरेती रोड़ स्थित भागवत निवास में ठाकुर श्री गिरींद्र बिहारी ट्रस्ट एवं श्री गौरांग प्रेम संकीर्तन मण्डल (हाथरस) के संयुक्त तत्वाधान में सुदेश कुमार वर्मा (गागा भाई) की सद्प्रेरणा से चल रहे विरक्त वैष्णवाचार्य गौडीय संत, भागवत निवास के पूर्व सेवाध्यक्ष बाबा वनमाली दास महाराज के 21 दिवसीय विरह उत्सव के अन्तर्गत विराट श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ।जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए गौडीय संप्रदाय के प्रकांड विद्वान आचार्य अच्युत लाल भट्ट एवं महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि महंत बाबा वनमाली दास महाराज गौडीय संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे ।वे परम्-वैष्णव व भगवदनिष्ठ सन्त थे।

प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि महंत बाबा वनमाली दास गौ सेवी, सन्त सेवी व विप्र सेवी थे। सन्त सम्मेलन में महंत केशव दास महाराज (राधाकुंड), मिथिला कुंज के अध्यक्ष श्रीमहंत किशोरी शरण महाराज, महंत सुन्दरदास महाराज, महंत दशरथ दास महाराज, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, महंत देवानंद महाराज, महंत चन्द्रदास महाराज, अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन सम्मान समिति (रिस्पैक्ट एज) के संस्थापक डॉ. गिरीश गुप्ता, सन्त जुगल दास महाराज, सुभाष चन्द्र शास्त्री, सन्त निधि दास, डॉ. कृष्ण मुरारी डॉ. राधाकांत शर्मा, परम वैष्णव हेमांग कृष्ण नांगिया, आचार्य ध्रुव कृष्ण शास्त्री, पण्डित राजेश चतुर्वेदी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।

## सार संक्षेप

### कोचिंग जा रही युवती का पीछा करना पड़ा भारी, दो पक्षों में हुई मारपीट

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर कोचिंग सेंटर पर जा रही युवती का पीछा करना दो युवकों को भारी पड़ गया। युवती के परिजनों ने दोनों युवकों को पकड़ कर जमकर धुनाई की। एक युवक मौके से फरार हो गया। इसी बीच युवक के परिजन भी मौके पर आ गए। दोनों पक्ष जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। बीच बाजार हुई मारपीट को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया ।कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती दोनों नहरों के बीच स्थित कोचिंग सेंटर पर कोचिंग करने के लिए आती है। युवती का आरोप है कि पिछले कई दिनों से दो युवक युवती का पीछा करते हुए अश्लील हरकत कर रहे थे। युवती ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। गुरुवार को जैसे ही युवती कोचिंग सेंटर के लिए निकली दोनों युवकों ने युवती का पीछा करना शुरू करने के साथ ही अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी। युवती के पीछे चल रहे युवती के परिजनों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। इसी बीच एक युवक मौके से फरार हो गया। सूचना पर युवक के परिजन भी मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### समरकूल कूलर के दो नए मॉडल सिंघम व इवानलांच



**संतकबीरनगर।** समरकूल ब्रांड ने अपने नवीनतम कूलर सीरीज में दो नए मॉडल सिंघम और इवान को बाजार में पेश किया। शहर के नेमत होटल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कंपनी के सीएमडी संजीव गुप्ता ने दोनों मॉडलों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख व्यापारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आकाश अविनाश टीवी सेंटर के डायरेक्टरअशोक कसौधन ने सीएमडी संजीव गुप्ता का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें बुके भेंट किया। वहीं आकाश कसौधन व आदर्श कसौधन ने भी बुके देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए संजीव गुप्ता ने बताया कि समरकूल पिछले 33 वर्षों से देशभर में विश्वसनीयता व गुणवत्ता का प्रतीक रहा है। कंपनी का लक्ष्य हमेशा उत्कृष्ट उत्पाद व बेहतरीन सेवा प्रदान करना रहा है। उन्होंने बताया कि समरकूल देश का पहला ऐसा एयर कूलर ब्रांड है जिसे आईएसआई मार्क प्राप्त हुआ है, जो उपभोक्ता भरोसे और गुणवत्ता की पुष्टि करता है। सीएमडी गुप्ता ने कहा कि ग्राहकों का सहयोग और विश्वास ही कंपनी को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। गुप्ता ने घोषणा की कि कंपनी जल्द ही मार्केट में एसी और रेफ्रिजरेटर की नई रेंज भी लॉन्च करने जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प और आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सेल्स हेड बत्रा तथा स्थानीय डीलरों ने भी अपने विचार साझा किए। इस दौरान आकाश कसौधन ने सीएमडी संजीव गुप्ता और सेल्स हेड बत्रा का स्वागत करते हुए समरकूल के प्रति उपभोक्ताओं के निरंतर विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं सीएनएफ आकाश (अविनाश टीवी सेंटर) ने ग्राहकों को बेहतर सेवा और लाभ प्रदान करने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों ने नए मॉडलों की खूबियों की सराहना की और उम्मीद जताई कि समरकूल के नए उत्पाद बाजार में गुणवत्ता और प्रदर्शन के नए मानदंड स्थापित करेंगे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर श्री शांति मुकूल सम्मानित

**वाराणसी /मुजफ्फरपुर।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुजफ्फरपुर बुनियादी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गयो उप निदेशक तिरहुत प्रमंडल (समाजिक सुरक्षा) धीरज कुमार जिला सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा अभिषेक कुमार, बुनियादी प्रबंधक बिनोद कुमार संयुक्त रूप से मेमोटों देकर शांति मुकूल को किया सम्मानिते साथ ही उप निदेशक ने कहा कि शांति मुकूल आप अपने अथक परिश्रम, समाज सेवा एवं विरासत में मिली परंपरा संस्कृति का सदैव अपने रचनात्मक कार्यों से प्रचार प्रसार करने हेतु तत्पर रहते हैं। अपनी कर्मठता, दृढ़ता, विनम्रता, सहजता, संकल्पशील एवं उदारता से आपने समाज में दिव्यांग जनों के प्रति अनुकरणीय व्यक्तित्व उदाहरण किया है ।

# एसआईआर कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** नजीबाबाद मंडावली थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया कर बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंडावली थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। यहां चल रहे गणना प्रपत्रों के वितरण कार्य, उसकी वापसी और डिजिटाइजेशन के कार्यों को देखा। उस क्षेत्र के सुपरवाइजर और बीएलओ से जानकारी की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आसपास के लोगों से गणना प्रपत्र के मिलने और फॉर्म भरकर जमा करने के बारे में पूछा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि यह अभियान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है ।एस आई आर फॉर्म भरने की प्रक्रिया में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। सभी मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं ।जिलाधिकारी ने निर्वाचन में नियुक्त कार्मिकों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएंगी ।इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार, बीएलओ पूनम रानी, आरिफ ,अल्पना मौर्या, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायिका तनु शर्मा, ग्राम पंचायत सैक्रेटरी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा और रालोद नेताओं ने संयुक्त रूप से किया जिम का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के कैराना मार्ग पर पीएनबी बैंक के ऊपर हिमालय वंडर्स जिम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व सांसद व भाजपा जिला अध्यक्ष व रालोद जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे।

गुरुवार को कस्बे के कैराना मार्ग पर स्थित पीएनबी के ऊपर हिमालय वंडर्स जिम का शुभारंभ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल व रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने संयुक्त रूप से सीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिम करने से इंसान स्वस्थ रहता है। देश के युवा बॉडी बिल्डिंग में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह जिम खोले जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी बॉडी बिल्डिंग में अपना भविष्य आजमा रहे हैं, प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है।

रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने कहा कि सिर्फ एक जिम का उद्घाटन नहीं कर रहे, बल्कि युवा शक्ति के नए युग की शुरूआत कर रहे हैं। युवा ही देश की रीढ़ हैं, अगर युवा फिट हैं तो समाज फिट है, अगर युवा जागरूक है, तो देश प्रगतिशील है ।युवाओं को सही साधन मिल जाए, तो वह चमत्कार कर सकते हैं। यह जिम उसी चमत्कार की नींव है। यह स्थान अब सिर्फ मशीनों का घर नहीं रहेगा, बल्कि जोश, जूनून और जमकर मेहनत का केंद्र बनेगा।

इस दौरान चेयरमैन नजमुल इस्लाम, रालोद नेता विक्रांत जावला, योगेश भभीसा, जुनैद मुखिया, हरिमोहन चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन, जितेन्द्र चौहान टिंकू, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, रोहित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन हाजी इस्लाम, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, नेकपाल चौहान, नवीन मलिक, नरेंद्र चौहान, शाहबाज खान सहित आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर्स दिवस का आयोजन दिनांक 17 दिसंबर 2025 को

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 17 दिसम्बर, 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त संबंधित आहरण वितरण अधिकारियों को उक्त बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया है ।इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का स्थल पर ही निदान/विमर्श हेतु बैठक में स्वयं अथवा किसी भी राजपत्रित अधिकारी को प्रतिभाग हेतु नामित करें ताकि यथासम्भव समस्याओं के निराकरण की कार्यवाही की जा सके।

# डीएम ने ग्राम बिसरापार गौ-आश्रय स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने खलीलाबाद विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम बिसरापार गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गौ-आश्रय स्थल में 20 गो-वंश संरक्षित पाए गए, जिसमें 03 गाय एवं 17 नंदी को संरक्षित किया गया है। मौके पर केयर टेकर लालमोहन मौजूद मिले। केयर टेकर द्वारा बताया गया पशुओं कों दिन में तीन बार भूसा, पशु आहार के साथ मिला कर दिया जाता है।

जिलाधिकारी द्वारा पशुओं कों लगातार बांधकर रखने पर नाराजगी व्यक्त किया गया। मौके पर हरा चारा नहीं पाया गया। गो-वंशों को पीने के पानी का प्रबंध ठीक नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान गांव के स्थानीय नागरिकों ने गौ-आश्रय स्थल सें सटे विसरापार वट वसनी महाकाली मंदिर एवं प्राचीन दुर्गा मंदिर एवं पोखरा के विषय में जानकरी दी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मंदिर के सुंदरीकरण एवं पोखरा को अमृत सरोवर योजना के तहत सुंदरीकरण कराये जाये के लिए संबधित विभाग को कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया।

# छात्राओं ने सिखा स्वादिष्ट भोजन बनाने की कला



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** गुरूवार को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में कक्षा 9 में अध्ययनरत गृह विज्ञान की छात्राओं में पाक कला प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। छात्राओं ने स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक भोजन निर्माण की कला का प्रदर्शन किया। प्रतिस्पर्धा में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में 10-10 छात्राएं सम्मिलित थीं। कार्यक्रम का संयोजन हकीमुल्लाह व कुमारी अखिलेश सिंह ने किया।

प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि बेटियों को पाककला में प्रशिक्षित होना आवश्यक है। जिसको ध्यान में रखते हुए बच्चों में पाक कला को लेकर प्रतिस्पर्धा कराई जा रही है। पोषण के वैज्ञानिक सिद्धांतों को पाक कला की कला और तकनीक के साथ जोड़ना आवश्यक है। ताकि भोजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक भी बनाया जा सके। यह कला, विज्ञान और भोजन की प्रस्तुति के बीच संबंध स्थापित करता है। इसमें भोजन के पोषक तत्वों, शरीर पर उनके प्रभाव और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को समझना शामिल है।

# जंगलों में लगातार लग रही आग को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़, दिनेश नेगी।** गरुड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्र में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं और उससे वन संपदा, वन्यजीवों तथा स्थानीय गांवों पर पड़ रहे प्रभाव पर गहरी चिंता जताई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरुड़ के अध्यक्ष एड.गिरीश कोरंगाके नेतृत्व में कार्यकताओं ने कानूनगो के माध्यम से जिलाधिकारी बागेश्वर को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि जंगलों में सर्दियों के मौसम में भी आग की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे वनस्पति नष्ट हो रही है और जंगली जानवरों के वनाग्नि से गांवों की ओर आ जाने से मानवझवन्यजीव संघर्ष की आशंका बढ़ गई है।

कांग्रेस कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि वन विभाग की ओर से चलाया जा रहा फायर कंट्रोल तंत्र जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं दिख रहा है और कई स्थानों पर आग समय रहते नियंत्रित न होने से बड़े क्षेत्रों का जंगल खाक हो रहे है। उन्होंने मांग की कि जिलाधिकारी वन विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर प्रभावी अग्नि नियंत्रण योजना लागू करें और लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें।

ज्ञापन देने वालों में उमेश पाण्डेय, रंजीत रावत, दीपक लोहुमी, भारत सिंह फर्शवाण, दिग्विजय फर्शवाण, ललित जोशी राणाआदि मौजूद थे।

## कैंट बोर्ड सीईओ की कड़ी नाराजगी के बाद

# चरमराई सफाई व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति में सुधार हेतू एजेंसी ने लिया बड़ा एक्शन

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** कैंट में चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर छावनी परिषद प्रशासन को लगातार पब्लिक शिकायत व मीडिया में खबरों के बाद सीईओ ने सख्त एक्शन लिया गया है। विभागीय सूत्रों ने बताया श्रीराम एजेंसी आगरा को सफाई व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति में सुधार को लेकर चेतावनी दी गई है बता दें

कैंट के सदर क्षेत्रों से लगे पांच वार्डों में सफाई का कार्य उक्त एजेंसी आगरा को दिया गया था और लगभग दस पंपों का ठेका पुर्व से ही ठेके पर चल रहा है, बीते दिनों रविन्द्र पुरी में दर्जन भर लोग उल्टी दस्त के कारण कैंट अस्पताल में भर्ती के बाद कैंट प्रशासन हरकत में आया था वहीं सफाई व्यवस्था को लेकर क्षेत्र की जनता बराबर कैंट बोर्ड अधिकारीयों से गंदगी व नाले नालियों की सफाई व सड़कों पर कुंडे को लेकर शिकायतें की जा रही थी इसके अलावा पेयजल आपूर्ति जैसी अनियमितता के चलते सीईओ जाकिर हुसैन ने जनता की शिकायतों के निराकरण को लेकर कैंट बोर्ड ने अपने सुपरवाइजर पांचों वार्डो में पुनः डीयूटी पर लगाएं थे ।मीडिया द्वारा जनता की आवाज को लगातार प्रमुखता से उठाया जा रहा था जिसके बाद कैंट प्रशासन ने एजेंसी पर सख्ती की गई जिसके चलते एजेंसी ठेकेदार ने अपने मुंशी/सुपरवाइजर सचिन को हटा कर उनके स्थान पर मुकूल को तैनात किया है। हालांकि इस मामले में बातचीत के दौरान सीईओ ने पहले ही बड़े एक्शन की बात कही थी।

### मुंशी/ सुपरवाइजर को हटाया

# जनपद न्यायाधीश ने "न्याय आपके द्वार का उद्देश्य लेकर आयोजित रैली को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा ने खलीलाबाद डाक बंगले से छात्रों की रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली गोला बाजार, मुख्यमार्ग से समय मंदिर चौराहा, बाइपास चौराहा, जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए लगभग 200 विधि छात्रों एवं 25 प्राध्यापकों ने लगभग 5 की0मी0 पद यात्रा किया।

न्याय आपके द्वार का उद्देश्य लेकर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सन्तकबीर नगर जिला न्यायालय में दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को किया गया है।

लोक अदालत के आयोजन का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सन्तकबीर नगर एवं पी0डी0 ला कालेज तथा प्रभा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद सन्तकबीर नगर के संयुक्त तत्त्वावधान में आज दिनांक 04/12/2025 बृहस्पतिवार को जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सन्तकबीर/ए0डी0जे0 दवेन्द्र नाथ गोस्वामी तथा चीफ डिफेन्स कौंन्सिल अन्जय श्रीवास्तव जी प्रातः 09:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे रैली के समापन तक उपस्थित रहकर छात्रों को उत्साहित करते रहे।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नासिर अहमद, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अनिल कुमार, अपर जिला जज प्रथम भूपेन्द्र राय, अपर जिला जज गजेन्द्र, सीजेएम चेतना त्यागी, एजीजेएम संजय राज पाण्डेय, एसीजेएम एफटीसी सुनील कुमार सिंह, जू0डी0 मिमोह यादव, जे0एम0 भारती तयाल, अन्य न्यायिक अधिकारी क्रमशः अशोक कुमार कसौधन, नरेन्द्र कुमार यादव, चन्दन सिंह, निधि मिश्रा, अभिवन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कालेज समन्वयक विजय कुमार राय, व्यवस्था प्रमुख राजेश पाण्डेय ने बुके प्रदान कर मा0 न्यायिक अधिकारियों का स्वागत किया, डा0 रमेश कुमार, डा0 अमरनाथ पाण्डेय, नागेन्द्र सिंह, विनोद मिश्र छात्रों का उत्साह वर्धन करते रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा बताया गया कि लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दिवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप वाद/पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किराएदारी वाद, चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय वाद, वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत समनीय वाद, स्थाई लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाट माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका-नगर निगम संबंधी मामले एवं स्थानीय विधियों के अंतर्गत सुलह योग्य वाद निस्तारित कराए जा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नहीं है वो प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है जिसका आदेश सिविल न्यायालय की डिग्री के समान होगा। इसके अतिरिक्त अभिवाक सौदेबाजी से भी फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है।

# भाजयुमो ने तेलंगाना के सीएम का किया पुतला दहन



वेलकम इंडिया

**कपकोट ,तनुज तिरूवा।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कपकोट बाजार में भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक सिंह गस्याल के नेतृत्व में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक सिंह गस्याल ने बताया कि जिस प्रकार एक मुख्यमंत्री होकर सनातन धर्म की आस्था और देवी देवता के प्रति की गई आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियां ने पूरे देश के करोड़ों हिन्दू की भावना को आहत किया है ।उनका बयान न सिर्फ असंवेदनशील है बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाला है। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने अपने सम्बोधन में कहा कि तेलंगाना राज्य के मुखिया होने के नाते उनके द्वारा हिन्दू सनातन धर्म को अपमानित करने का कृत्य किया गया है ।आज विश्व हिंदू सनातन से प्रभावित होकर हिंदुत्व की सराहना कर रहा है, वही मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हिन्दू धर्म की मान्यताओं औ? सनातन धर्म को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं ।उनका बयान अशोभनीय है, उन्हें देशवासियों से माफी मांगते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए ।सनातन धर्म उनके बयान को कतई बर्दाश्त नही करेगा ।इस बयान के विरोध में युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया गया।इस मौके पर विधायक सुरेश गढ़िया पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौर्याल पूर्व जिपंअध्यक्ष और वर्तमान जिपं सदस्य बसती देव भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी,ब्लाक प्रमुख कपकोट भावना साही,सांसद प्रतिनिधि विक्रम साही, , जिला महामंत्री संजय परिहार, सुंदर देव,वरिस्ठ भाजपाई दयाल ऐठानी,हरीश मेहरा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वाराणसी मंडल के मऊ स्टेशन पर छह मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु चार गर्डरों की सफल लांचिंग



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में वाराणसी मंडल पर स्टेशनों के पुनर्विकास योजना के अंतर्गत यात्री सुविधा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है इसी क्रम में वाराणसी मंडल के मऊ स्टेशन पर छह मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण हेतु ब्रिज के पहले स्पैन के लिए प्रत्येक 32 मीटर लम्बे एवं 15 टन वजनी के चार गर्डरों की सफल लांचिंग का कार्य सभी फिटिंग और स्टिफनर सहित 4 दिसम्बर 2025 गुरुवार को सम्पन्न हुआ ।एफओबी के एक स्पैन हेतु चार गर्डरों की लॉन्चिंग का यह चुनौती पूर्ण कार्य मात्र चार घंटे का ट्रैफिक एवं कर्षण ब्लाक लेकर सीमित अवधि में ही पूरे सुरक्षा प्रोटोकाल के साथ सफलतापूर्वक किया गया गर्डर लांचिंग में उच्च क्षमता वाले रोड क्रेन का उपयोग किया गया तथा कार्य के दौरान एक क्रेन को स्टैण्ड बाई के रूप में रखा गया था लांच किये गये चार गर्डरों में प्रत्येक की लम्बाई 32 मीटर तथा वजन 15 टन है गर्डर लांचिंग का कार्य मंडल इंजीनियर (सामान्य) ए.के.पाण्डेय एवं सहायक मंडल इंजीनियर(मऊ) एस.के. पाण्डेय की देखरेख में 4 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11:45 से 15:45 बजे तक विद्युत कर्षण एवं ट्रैफिक ब्लाक लेकर ब्लाक अवधि के अंदर ही सम्पन्न कर लिया गया ।मऊ रेलवे स्टेशन पर निमार्णाधीन छह मीटर एफओबी के दूसरे स्पैन के गर्डरों की लांचिंग का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा ।

# पुलिस ने किया बैंक से बाइक चोरी का खुलासा, छह गिरफ्तार

**बिजनौर।** किरतपुर थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से हुई बाइक चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।पुलिस ने इस मामले में एक बाल अपचारी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई बाइक के कटे हुए हिस्से। और 14 हजार रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। यह घटना 22 अगस्त 2025 को मोअज्जमपुर नारायण स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में हुई थी। बदमाशों ने बैंक की खिड़की तोड़कर अंदर खड़ी बाइक चुरा ली थी। अगले दिन, 23 अगस्त को शाखा प्रबंधक अरुण रावत ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किरतपुर पुलिस ने मंगलवार देर शाम इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक बाल अपचारी के अलावा सूरज (निवासी शांति नगर, मुजफ्फरनगर), राहुल (निवासी फरीदपुर मान), आकाश (निवासी काजीपाड़ा, बिजनौर) और मोनू उर्फ अजय (निवासी रामपुर बकली) शामिल हैं।पुलिस पूछताछ में मोनू उर्फ अजय ने बताया कि वे घरों में कुंबल लगाकर बाइक चोरी करते थे।उसने बैंक शाखा से बाइक चोरी करने की बात भी स्वीकार की।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दिव्यांग जनों हेतु बांटे जरूरी उपकरण

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर चौधरी साकेत प्रताप सिंह द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार अनेक क्षेत्रों में सामाजिक न्याय की दृष्टि से कार्य कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज के विकलांग जनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल, सादी रिक्शा , बैसाखियां,कान की मशीने और मानसिक रूप से मंदबुद्धि बालकों के लिए अनेक प्रकार के टी एल एम उपकरण वितरण किए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में दिव्यांग जनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए निरंतर समाज सेवा का संकल्प लिया।

विदुर मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर उर्मिला कार्या ने सभी विकलांग जनों यथोचित सहायता करने के लिए मानव सेवा समाज सेवा को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही।लाभार्थियों को 13 बैटरी चलित रिक्शा और 14 मैन्युअल रिक्शा तीन व्हीलचेयर ,कान की मशीने और बैसाखियां इत्यादि वितरित की गई। भारतीय रेड कोस समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह सेंगर द्वारा सभा को अध्यक्ष डॉक्टर टीकम सिंह सिंगल डायरेक्टर योगेंद्र योगी। सभी दिव्यांग जनों के साथ-साथ उपस्थित निर्धन व्यक्तियों को ढाई सौ कंबलों का वितरण भी किया गया सभा को चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर।

डायरेक्टर योगेंद्र पाल सिंह, डा विशाल, रोबिन कुमार,योगेश ठाकुर सुनील एवं सुनील भारद्वाज (वीरा कॉलेज) अनुज पाठक। समिति के पैटर्न श्री महबूब अली, भुवन पांडे। सौरभ अग्रवाल आदि इन सभी व्यक्तियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# जरुरतमंदों की मदद करने में रविता राठी अव्वल



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** महिला कल्याण विभाग डी एम सी रविता राठी जरूरतमंदों की मदद करने को लेकर खूब चचाओं में हैं। दरअसल वह ठंड के मौसम को कभी नहीं भूलती है ।यह परम्परा पिछले कई सालों से रविता राठी बनाए हुए हैं ।ठंड के मौसम में गरीब असहाय व निर्धनों को गर्म कंबलों का तौहफा देकर जरूरतमंदों की मदद करना उनकी आदत में शुमार है,बचपन ए जीवन से ही रविता राठी जरूरतमंदों की मदद करना अच्छा लगता था।

आप को बतादे कि बिजनौर महिला कल्याण विभाग में तैनात तेजतर्रार एवं ईमानदार व्यवहार कुशल डी.एम.सी रविता राठी कई दशकों से गर्म कंबलों से जहां जरूरतमंदों की मदद करती है वहीं गरीब असहाय व निर्धन बच्चों को जैकेट पहनाकर पुण्य कमाती है ।इस बार भी जरूरतमंदों की मदद के लिए अपना पिटारा खोला गर्म कंबलों का वितरण कर एक बार फिर रविता राठी गरीबों के बीच लोकप्रिय बन गई है।

### वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह के

# तूफानी बल्लेबाजी से कार्मिक विभाग पूल ए से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी आशीष जैन के निर्देशन में एवं मंडल कीड़ा अधिकारी बालेन्द्र पॉल के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे लहरतारा स्थित रेलवे स्टेडियम में चल रही वाराणसी मंडल की अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का सातवाँ लीग मैच 4 दिसम्बर 2025 बृहस्पतिवार को कार्मिक और रेल सुरक्षा बल के बीच खेला गया रेल सुरक्षा बल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन बनाए रेल सुरक्षा बल के शेषनाथ यादव ने 32 बाल पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन,राम प्रवेश यादव ने 25 बाल पर एक चौक के की मदद से 21 रन एवं अविनाश ने 25 बाल पर दो चौक की मदद से 22 रन बनाए।

कार्मिक विभाग की तरफ से अमन श्रीवास्तव ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, भृगेन्द्र ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए तथा विनोद मौर्य को एक विकेट प्राप्त हुआ 133 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कार्मिक विभाग की टीम ने 16.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीतकर पूरे 2 अंक प्राप्त कर फूल ए से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई कार्मिक विभाग की तरफ से वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने शानदार बैटिंग करते हुए 37 बाल पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से शानदार 49 रन बनाए के अतिरिक्त सुनील वर्मा ने 24 बाल पर 7 चौके की मदद से 32 रन और प्रभाकर ने 18 बाल पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए।

रेल सुरक्षा बल की तरफ से शाहनवाज,रामप्रवेश यादव, शेषनाथ यादव और जावेद ने एक-एक विकेट प्राप्त किया, 49 रनों की शानदार पारी खेलने वाले वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे के सेवानिर्वृत मुक्य हित निरीक्षक राहुल भट्ट के द्वारा दिया गया।

# यूथ कांग्रेस का सदस्यता अभियान जारी

## जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** 27 नवम्बर को युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के प्रदेश चुनाव अधिकारी एडवोकेट प्रकाश कुमार द्वारा जारी एक बयान में बताया कि उत्तराखंड के सभी युवाओं को नेता बनने का अवसर युवा कांग्रेस ने दिया है और बताया कि उत्तराखंड प्रदेश में युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान 20 नवंबर से 19 दिसंबर तक चलाया जा रहा है।इसमें प्रदेश के सभी 18 से 35 वर्ष के युवाओं को यूथ कांग्रेस की सदस्यता दिलायी जा रही है ।बताया कि अब तक एक लाख20 हजार नए युवा सदस्यों ने सदस्यता ले ली है। उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस को मजबूत कर युवाओं की आवाज युवा कांग्रेस के माध्यम से उठा सकते हैं ।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि सदस्य बनने के लिये ६३ँ कउ एंड्राइड मोबाइल एप्लीकेशन इंस्टाल कर सकते हैं।जिसमे प्रदेश अध्यक्ष के 11 प्रदेश महासचिव मे 81 युवाओं ने चुनाव प्रकिया में इस बार भाग लिया है ।वही

बागेश्वर जनपद जरूर आजाद बहादुर सिंह ने कहा कि बागेश्वर जिले से जिलाध्यक्ष पद हेतु चार युवा कांग्रेस सदस्य अंकुर उपाध्याय, गोकुल परिहार,दीपक पाण्डेय, उमेश उपाध्याय ने आवेदन किया है,वहीं जिला महासचिव पद हेतु उमा जोशी, पंकज कुमार ने आवेदन किया है ।जबकि विधानसभा अध्यक्ष बागेश्वर के लिए वीरेंद्र कुमार कबडोला, गणेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष कपकोट के गोविन्द चन्दौला,इन्दर सिंह ऐठानी,प्रकाश जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष कपकोट के गणेश कोरंगा, नवीन सिंह, कपकोट नगर अध्यक्ष के सूरज तिरुवा,सूरज दानू, बागेश्वर नगर अध्यक्ष के नागेंद्र सिंह मनराल, पंकज सिंह चौरा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए चन्दन गोस्वामी, विनोद पपोला,कठपुडियाछिना ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अभिषेक कुमार टम्टा, सचिन रौतेला,ने युवा कांग्रेस उत्तराखण्ड के चुनाव अभियान में चुनाव में दावेदारी की है ।जबकि अन्य ब्लॉक में बागेश्वर से अंकित नगरकोटी,गरुड़ से महेन्द्र सिंह रावत, कांडा से युवराज सिंह धामी ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में है।

वही यूथ कांग्रेस का सदस्यता अभियान भी जारी है ।वहीं सदस्यता अभियान के पूरे होने के बाद प्रदेश सँगठन की सहमति के बाद बागेश्वर जिले के सँगठनात्मक चुनाव में दायित्व की घोषणा आम सहमति के बाद प्रदेश सँगठन द्वारा की जाएगी।

# काशी तमिल संगमम 4.0' में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की इकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो ने प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** नमो घाट पर आयोजित 'काशी तमिल संगमम-4.0' में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की इकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बना रहा प्रदर्शनी के तीसरे दिन गुरुवार को हजारों की संख्या में स्कूलों से आये हुए छात्र-छात्राओं,तमिलनाडु से आए हुए डेलिगेट्स तथा स्थानीय लोगों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तमिलनाडु से काशी तमिल संगमम में आये हुए डेलिगेट्स द्वारा प्रदर्शनी की सराहना की गई उन्होंने कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी में काशी और तमिलनाडु की महान विभूतियों का अद्भुत संगम है केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्रदर्शनी देखने आये हुए स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने वाले 'काशी तमिल संगमम' के इस चतुर्थ संस्करण में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में तमिलनाडु एवं काशी की महान विभूतियों के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं उनकी उपलब्धियां को दशार्या गया है चित्र प्रदर्शनी में तमिलनाडु की महान विभूतियों जैसे ऋषि अगस्त्य, तमिल महिला कवि संत अव्वैयार,तमिल कवि संत तिरुवल्लुवर,कवयित्री और संत कारैकल अम्माइयार,भक्ति आंदोलन की कवि एवं संत अंडाल (क ो ध ा ा इ ), थिरूनावुक्कारसर,तमिल कवि और समाज सुधारक श्री रामलिंग स्वामी (वल्लालर), तमिल विद्वान यू.वी.स्वामीनाथ अय्यर,अग्रणी समाज सुधारक, चिकित्सक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,ब्रिटिश भारत में पहली महिला विधायक डॉ.मुथुलक्ष्मी रेड्डी, गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन,अविष्कारक और उद्योगपति जी.डी. नायडू,खगोलशास्त्री सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, भारत में हरित क्रांति के ज न ा क डॉ.एम.एस.स्वामीनाथन,भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, नोवेल पुरस्कार विजेता वेंकटरामन रामकृष्णन,स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी,भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन,नोबेल पुरस्कार विजेता एवं महान वैज्ञानिक चंदशेखर वेंकट रमन,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,सुप्रसिद्ध राजनेता एवं भारत रत्न के.कामराज,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सुप्रसिद्ध राजनेता चिदंबरम सुब्रमण्यम, महान अभिनेता एवं राजनेता एम.जी.रामचंद्रन इत्यादि के जीवन दर्शन को चित्रों एवं शब्दों में दशार्या गया है।

इसी प्रकार काशी की महान विभूतियां जैसे संत कबीरदास,संत रविदास,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शिक्षाविद पंडित मदन मोहन मालवीय,सुप्रसिद्ध शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान,विश्व प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार पंडित रविशंकर,महान साहित्यकार जयशंकर प्रसाद इत्यादि के जीवन दर्शन को चित्रों शब्दों के माध्यम से दशार्या गया है ।

चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किये जा रहे सरकार के जन कल्याणकारी नीतियों,प्रयासों एवं योजनाओं को भी दशार्या गया है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा हाल में श्रम सुधार के लिए बनाये गये कानूनो,विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं पर जीएसटी के दरों को कम करने के लिये किए गये प्रयासों की जानकारी दर्शकों और जनसामान्य के लिए प्रदर्शित की गई है चित्र प्रदर्शनी को डिजिटल रूप में भी प्रदर्शित किया गया है जिसमें काशी तमिल संगमम के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों,जीएसटी के दरों में की गई कमी,नये श्रम संहिता के बारे में भी लोगों को जानकारी प्रदान की जा रही है प्रदर्शनी का प्रचार प्रसार वाराणसी शहर में आ.ई.सी.वैन के माध्यम से भी किया जा रहा है यह प्रदर्शनी 15 दिसंबर तक निरंतर रहेगी।





# एसआरएमआईएसटी मोदीनगर में विज्ञान सप्ताह का भव्य आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी , दिल्ली -एनसीआर कैम्पस में बृहस्पतिवार को विज्ञान सप्ताह का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान के प्रति छात्रों में जिज्ञासा, नवाचार और शोध भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिस में विज्ञान सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और विशेषज्ञ सत्रों के माध्यम से विद्यार्थी को आधुनिक विज्ञान की अवधारणाओं से रूबरू कराया जाएगा।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ,मुख्य अतिथि प्रो. आशुतोष शर्मा (प्रेसिडेंट इण्डियन नेशनल साइंस एकेडमी ) एवं गेस्ट ऑफ द ऑनर प्रो.इंद्रनील मन्ना , निदेशक डॉ संजय विश्वनाथन, डीन प्रो.आर.पी महापात्रा, एवं डीन आईक्यूएसी




प्रो.धौम्या भट्ट भी मौजूद रही है ।मुख्य अतिथि ने कहा कि ह्लविज्ञान सप्ताह जैसे कार्यक्रम छात्रों में शोध के प्रति उत्सुकता जगाने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। भारत की समस्याओं का निदान करने पर ध्यान देना चाहिए, एवं गेस्ट ऑफ द ऑनर प्रो.इंद्रनील मन्ना ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के समस्याओं समाधान करने पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए ,जो मिल का पत्थर साबित हो,तत्पश्चात गेस्ट ऑफ डिस्टिंकशन डॉ .राज .के .श्रीमल्ला ने स्वास्थ्य तकनीक और चिकित्सा विज्ञान जैसे क्षेत्रों पर अपना दृष्टिकोण उजागर किया है ।उन्होंने छात्रों को नए विचारों पर काम करने और भविष्य के वैज्ञानिक नवाचारों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया. अतिथियों का स्वागत संस्थान की डीन आईक्यूएसी प्रो.धौम्या भट्ट ने किया, संस्थान के निदेशक डॉ. संजय विश्वनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लविज्ञान जीवन का आधार है और युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना समय की आवश्यकता है।उक्त विषय पर डीन प्रो.आर.पी महापात्रा ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इस प्रकार के आयोजन न केवल ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा की ओर प्रेरित भी करते हैं ह्व इस अवसर पर कई प्रमुख कार्यक्रम आयोजित की गईं, जिनमें – विज्ञान प्रदर्शनी,पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता,वैज्ञानिक प्रयोगों का लाइव डेमो, विशेषज्ञों द्वारा प्रेरणादायक व्याख्यान छात्रों ने अत्यधिक उत्साह के साथ अपने-अपने वैज्ञानिक मॉडल और विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं ने पर्यावरण संरक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य तकनीक जैसे क्षेत्रों में नए दृष्टिकोणों को उजागर किया। उन्होंने छात्रों को नए विचारों पर काम करने और भविष्य के वैज्ञानिक नवाचारों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अंत में, कार्यक्रम मैं शामिल हुए सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। आखिर में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।

## हिंडन मेट्रो स्टेशन के बाहर मोबाइल लूट, बदमाश फरार

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात का मामला सामने आया है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित ज्योति सुपर विलेज सोसाइटी में रहने वाले उमंग गोयल से दो बाइक सवार बदमाशों ने झटके में मोबाइल फोन छीन लिया और देखते ही देखते फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित दहशत में है ।पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उमंग गोयल ने बताया कि 30 नवंबर की रात करीब नौ बजे वह हिंडन मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास खड़े थे ।इसी दौरान एक बाइक तेज रफ्तार में उनकी ओर आती दिखाई दी। जैसे ही बाइक पास पहुंची, पीछे बैठे युवक ने झटके से उनका मोबाइल फोन छीना और आगे बढ़कर विपरीत दिशा में भाग निकला ।पूरी वारदात चंद सेकंड में हो गई, जिससे वह कुछ समझ भी नहीं पाए। उमंग के अनुसार, घटना इतनी तेजी से हुई कि वह बदमाशों की बाइक का नंबर भी नहीं देख सके। अचानक हुए हमले से वे घबरा गए और तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

# वृद्ध सर्राफा कारोबारी की चाकू से गोद कर हत्या , आरोपी गिरफ्तार

## विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुरी बाजार में बृहस्पतिवार सुबह एक वृद्ध सरार्फा कारोबारी की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम गिरधारी लाल 75 वर्षीय बताया गया है। उनकी गिरधारी लाल एंड संस ज्वेलरी की दुकान है। चीख पुकार सुनकर मदद के लिए दौड़े लोगों ने हिम्मत कर हत्यारे को दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक गिरधारी लाल बृहस्पतिवार सुबह 9 बजे के लगभग अपनी दुकान खोल रहे थे, कि अचानक उन पर एक युवक ने आकर चाकू से हमला बोल दिया। चीख-पुकार की आवाज सुनकर लोग मदद को पहुंचे । आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखा हमलावर युवक को दबोचा पुलिस को सौंप दिया। गंभीर रूप से घायल



सरार्फा व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। व्यापारियों जैसे ही सरार्फा व्यापारी की दिन दहाड़े हत्या का समाचार मिला, तो उन्होंने विरोध में बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू किया। विधायक डॉ मंजू सिवाच, व्यापारी नेता रामकिशोर अग्रवाल, डॉ पवन सिंघल,दिनेश सिंघल सिंघल, महेश तायल,अमित गोयल आदि ने व्यापारियों का समर्थन किया। सूचना पर मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी व मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने व्यापारियों को समझा बुझा कर शांत किया और शीघ्र ही सरार्फा व्यापारी की हत्या का खुलासा करने का आश्वासन दिया।पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# उम्मीद फाउंडेशन और रॉकवेल ऑटोमेशन इंडिया ने मिलकर कन्या इंटर कॉलेज में व्यवस्था की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उम्मीद फाउंडेशन होप फॉर ह्यूमन और रॉकवेल ऑटोमेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने साथ मिलकर शिक्षा को नया आयाम देने के मकसद से आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर में स्मार्ट क्लासरूम, शुद्ध पेय जल हेतु आर. ओ. और वाटर कूलर तथा छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और सेनेटरी पैड की व्यवस्था की।



स्मार्ट क्लास ०शुद्ध पेय जल की सुविधा से बच्चो के भविष्य को मिली नई दिशा उम्मीद फाउंडेशन होप फॉर ह्यूमन ने शिक्षा के लिए नई उम्मीद बढ़ाई है ।उम्मीद फाउंडेशन की तरफ से छात्राओ के लिए मासिक धर्म हाइजीन के तहत कैंप का आयोजन भी किया गया। जिसमे छात्राओं को मासिक धर्म हाइजीन के प्रति जागरूक किया गया।

स्कूल की प्रिंसिपल. और अध्यापकों ने उम्मीद फाउंडेशन और रॉकवेल ऑटोमेशन की इस पहल के लिए उनका तहे दिल से सुक्रिया अदा किया। स्कूल के विद्यार्थियों में इन सब सुविधाओं को पाकर अति उत्साह का माहौल पैदा हो गया तथा विद्यार्थी स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने के लिए अति उत्साहित दिखे और उम्मीद फाउंडेशन की इस पहल के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

## मुरादनगर में फर्जी कागजात के जरिए प्लॉट बेचने का मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में फर्जी कागजात तैयार कर प्लॉट बेचने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मामला आर्यनगर कॉलोनी निवासी इसरास अहमद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया। आरोपी सलीम और रियाजुद्दीन पर प्लॉट के फर्जी बैनामा तैयार कर बेचने का आरोप है ।इसरास अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने प्लॉट खरीदा था, लेकिन जब वह प्लॉट पर कब्जा लेने गया तो उसे ठगी का अहसास हुआ। जांच में सामने आया कि बैनामा और अन्य दस्तावेज फर्जी थे ।इसरास ने पुलिस को सूचित किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की ।एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद तुरंत जांच शुरू की गई और सलीम तथा रियाजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में आयोजित आवाहन क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन रोमांचक फाइनल मैच के साथ हुआ, जिसमें के.डी.बी. और वनस्थली की टीमों ने हिस्सा लिया। कुल 8 टीमों ने इस टूर्नामेंट में भाग लेकर उत्कृष्ट खेलभावना और टीम स्पिरिट का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में के.डी.बी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाए। टीम की पारी में उल्लेखनीय योगदान रहा ।शौर्य शर्मा झ 23 गेंदों में 27 रन। प्रशांत दीक्षित झ 23 गेंदों में 25 रन।लक्ष्य का पीछा करते हुए वनस्थली की टीम ने




निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए। वनस्थली की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन-आयांश झ 5 गेंदों में 13 रन, के.डी.बी. के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी की।

प्रशांत दीक्षित झ 3 ओवर, 11 रन, 2 विकेट, ऋत्विक वशिष्ठ झ 2 ओवर, 9 रन, 1 विकेट, विशेष पुरस्कारः मैन ऑफ द मैचः प्रशांत दीक्षित, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः ऋत्विक वशिष्ठ, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः शौर्य शर्मा, सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड सपोटर्ः मुकुल राय, आवाहन टूनामेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था ।फाइनल मैच ने इन सभी मूल्यों को बखूबी दशार्या और दर्शकों व खिलाड़ियों के लिए उत्साहपूर्ण अनुभव प्रदान किया। आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल सभी प्रतिभागी टीमों के उत्साह की सराहना करता है तथा कोचों, अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों के अमूल्य सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है।

# जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने गुरुवार देर शाम आयोजित समीक्षा बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक जोन प्रभारी प्राधिकरण की आय बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्यों को 100 प्रतिशत पूरा करने का पूर्ण प्रयास करें। बैठक में उपाध्यक्ष ने विकास कार्यों की समयबद्ध गति और प्राधिकरण की वित्तीय वृद्धि दोनों पर जोर दिया। श्री कलाल ने बैठक में विशेष रूप से कहा कि जिन सड़कों पर टेंडर जारी हो चुके हैं और जिनकी स्वीकृति माननीय जीडीए बोर्ड द्वारा प्रदान की जा चुकी है, उन मार्गों से सटे भू-खण्डों पर भवन निर्माण के इच्छुक लोग प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत करा सकते हैं ।उन्होंने जनता से सीधे अपील की यदि कोई व्यक्ति निमार्णाधीन सड़कों के किनारे स्थित प्लॉट पर भवन निर्माण करना चाहता है, तो वह प्राधिकरण के समक्ष नक्शा अनुमोदन हेतु आवेदन कर सकता है ।जीडीए पूरी तरह सहयोग प्रदान करेगा। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जोन प्रभारी और नगर नियोजक अपने-अपने क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारण करें और लोगों को नक्शा स्वीकृत कराने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि इससे विकास कार्य बिना किसी बाधा के समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे और प्राधिकरण की आय में भी महत्वपूर्ण वृद्धि

**आय बढ़ाने और विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने का लगाया लक्ष्य**

होगी। बैठक में प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक, प्रभारी मुख्य अभियंता, नगर नियोजक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे जनता के लिए नक्शा स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएं ताकि भवन निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्राधिकरण की आय बढ़ाने और विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए हर जोन प्रभारी और नगर नियोजक को व्यक्तिगत जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी।इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता को नियमित रूप से मार्गदर्शन और जागरूकता प्रदान की जाए ताकि अधिक से अधिक लोग स्वीकृत नक्शा प्राप्त कर सकें और विकास कार्य सुचारू रूप से चलते रहें। उपाध्यक्ष ने बैठक में यह भी कहा कि प्राधिकरण की आय में वृद्धि केवल वित्तीय मजबूती के लिए नहीं, बल्कि शहर में योजनाबद्ध और व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को आवासीय और वाणिज्यिक भवन निर्माण में गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध प्रक्रिया अपनाने के लिए प्रेरित किया।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि जनता और प्राधिकरण के बीच पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।इसके लिए प्राधिकरण की वेबसाइट और अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निमार्णाधीन सड़कों के किनारे स्थित भू-खण्डों के लिए नक्शा अनुमोदन की प्रक्रिया में कोई देरी न हो और सभी आवेदन शीघ्रता से निपटाए जाएं। इस पहल से न केवल शहर में नियोजित विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे, बल्कि प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी।उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने क्षेत्र में नागरिकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें और उन्हें नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट जानकारी दें।

# पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन का विस्तार किया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भारत की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने विस्तार की मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें सतीश सिंह शिवम शर्मा आकाश सक्सेना और प्रिया बेस सुनीता प्रीति को पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन पदों पर नियुक्ति पत्र दिए। संगठन से प्रभावित होकर बहुत से लोग पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ज्वाइन कर रहे हैं ।

विस्तार मीटिंग के दौरान राष्ट्रीय लेवल के पदाधिकारी मौजूद रहे ।सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देता हूं ।मोदीनगर अध्यक्ष धर्मेंद्र दहिया को जिला गाजियाबाद अध्यक्ष के पद पर



मनोनीत किया गया।

पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्त धर्मेंद्र दहिया किरण सिंह के जोड़ने से पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन को नई दशा व दिशा की प्राप्ति होगी और गाजियाबाद जिले में धर्मेंद्र दहिया किरण मोदीनगर संगठन के विस्तार के लिए अथक प्रयास करेंगे जिससे संगठन को मजबूती प्रदान होगी। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी चौधरी चांद वीर सिंह व अनीता देवी शिवानी शर्मा आकाश कौशिक आदि मौजूद रहे।

# 24 घंटे में डिजिटल रेप और अपहरण की तीन सनसनीखेज घटनाएँ, जिले में दहशत का माहौल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बीते 24 घंटे महिला सुरक्षा के लिए बेहद चिंताजनक साबित हुए। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन गंभीर आपराधिक घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। डिजिटल रेप के दो मामलों और एक छात्रा के अपहरण ने न केवल परिवारों को, बल्कि पूरे शहर को दहशत में डाल दिया है। बढ़ते अपराधों ने स्पष्ट कर दिया है कि महिलाएँ और बालिकाएँ स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहीं।पहला मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक युवक ने शर्मनाक हरकत करते हुए घर में घुसकर युवती से डिजिटल रेप की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी छोटी बहन के साथ भी दुर्व्यवहार किया। आरोपी शाहनवाज करीब एक साल से युवती का पीछा कर रहा था और काम से आते-जाते समय लगातार उसे परेशान करता था।

सिद्धार्थ विहार में कार्यरत युवती रोज कबूतर चौक से गुजरती थी, जहाँ से आरोपी ने उसे निशाना बनाना शुरू किया। घटना के बाद पीड़िता के परिवार में रोष और भय दोनों व्याप्त हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन इलाके की महिलाओं में भारी आशंका और असुरक्षा का माहौल है। दूसरी घटना मुरादनगर की एक कॉलोनी से सामने आई, जहाँ छह साल की मासूम बच्ची के साथ उस समय डिजिटल रेप किया गया जब वह अपनी मां के कहने पर पड़ोस के घर गई थी। आरोपी पड़ोसी ने बच्ची को अकेला पाकर गलत हरकत की, जिससे डरी बच्ची रोती हुई घर लौटी और परिजनों को घटना बताई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना पूरे क्षेत्र में आक्रोश का कारण बनी है, लोग बच्ची के साथ हुई इस अमानवीय हरकत की कड़ी निंदा कर रहे हैं। तीसरी घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के अमरेला मोड़ की है, जहाँ 12वीं की छात्रा को स्कूल जाते समय एक युवक जबरन उठाकर ले गया। छात्रा रोज की तरह मोदीनगर स्थित पब्लिक स्कूल जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते से ही जबरन उठा लिया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद अपहरण का मामला दर्ज कर विभिन्न टीमें जांच में जुट गई हैं। गांव में तनाव का माहौल है और परिजनों की हालत खराब बताई जा रही है ।इन तीनों घटनाओं ने गाजियाबाद में महिला एवं बालिका सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति उजागर कर दी है ।लगातार बढ़ते अपराधों ने लोगों में भय और गुस्सा दोनों पैदा कर दिया है। शहरवासियों का कहना है कि ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई और निगरानी जरूरी है, ताकि अपराधियों का मनोबल टूट सके और महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि तीनों मामलों में शीघ्र कार्रवाई होगी और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, लेकिन लगातार हो रही ऐसी वारदातें सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही हैं।

# प्लॉट कब्जाने की धमकी देकर मांगी 20 लाख की रंगदारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कोचिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में 200 वर्ग गज के प्लॉट को कब्जाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने न केवल पीड़ित का निर्माण कार्य रुकवाया, बल्कि जान से मारने और शव गायब करने तक की धमकी देकर पूरे परिवार को दहशत में ला दिया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अकबरपुर बहरामपुर स्थित बुद्ध विहार कॉलोनी में रहने वाले सतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों सोनू, रवि और रविंद्र चौधरी के साथ ग्राम अकबरपुर स्थित फेड्स एन्कलेव में 200 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था।प्लॉट का बैनामा शकुंतला देवी से 21 जुलाई 2025 को इकरारनामा करते हुए कराया गया था। इसके बाद सितंबर 2025 में रजिस्ट्री पूर्ण हुई और उसी दिन प्लॉट का कब्जा भी उन्हें सौंप दिया गया।कब्जा मिलने के बाद वे कुछ दिनों से उस पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। सतेंद्र के अनुसार 26 जुलाई 2025 को सागर, महेंद्र यादव, प्रिंस यादव, संदीप यादव और जॉनी यादव सहित आठ से दस लोग मौके पर पहुंचे। सभी के हाथों में पिस्टल, लाठियां और डंडे थे। आरोपियों ने न केवल मजदूरों को डराकर काम रुकवाया बल्कि धमकी दी कि प्लॉट पर निर्माण कराना है तो पहले 20 लाख रुपये देने होंगे। साथ ही आरोप लगाया कि प्लॉट से जुड़े कागजात उनके पास हैं और अगर पैसे नहीं दिए तो वे प्लॉट पर जबरन कब्जा कर लेंगे।

पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने धमकाते हुए यहां तक कह दिया कि यदि उन्होंने बातचीत के अनुसार रकम नहीं दी तो उनकी हत्या करके शव भी ठिकाने लगा दिया जाएगा। सतेंद्र ने बताया कि आरोपियों में से कई पर पहले से ही गैंगस्टर सहित कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं और कुछ जिला बदर भी घोषित किए जा चुके हैं। लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनके परिवार में भय का माहौल है और किसी भी अप्रिय घटना का अंदेशा बना हुआ है। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई। एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि तीस दिसंबर को पीड़ित की शिकायत पर पांच नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है और मामले की जांच तेजी से की जा रही है।

# एकतरफा प्रेम में एमएससी छात्रा को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस ने उस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसने कुछ दिन पहले एकतरफा प्रेम में पड़कर एमएससी छात्रा को घर में घुसकर गोली मार दी थी। भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई इस दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। छात्रा अभी भी अस्पताल में गंभीर अवस्था में उपचाराधीन है ।घटना उस समय हुई थी जब छात्रा अपने घर में बैठी थी। अचानक पड़ोसी आरोपी प्रदीप कुमार वहां पहुंचा और बिना किसी विवाद के सीधे छात्रा के सिर पर तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्रा को अस्पताल भिजवाया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रदीप कुमार को पकड़ लिया। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। प्रदीप कुमार छात्रा पर शादी के लिए दबाव बना रहा था, लेकिन छात्रा ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। इसके अलावा छात्रा की शादी किसी अन्य स्थान पर तय होने की जानकारी मिलने पर आरोपी भड़क गया और गुस्से में आकर उसने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना बेहद गंभीर है और प्रेम-प्रसंग के नाम पर इस प्रकार की हिंसा पूरी तरह निंदनीय है।

आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि ऐसे मामलों पर अंकुश लगाया जा सके। गांव में घटना के बाद से तनाव का माहौल है और लोग छात्रा के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 तेज गति से जारी

## जनपद में 28,37,991 मतदाता, शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण और 14.76 लाख प्रपत्र डिजिटाइज्ज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वे, गणना प्रपत्र वितरण, प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन तथा एएसडी (अनुपस्थित) मतदाताओं की पहचान से जुड़े कार्यों की समीक्षा हेतु गुरुवार को दुर्गावती देवी सभागार में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने की, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा एवं चुनाव आयोग के सचिव अजय कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि रूप में उपस्थित रहे।

बैठक से पूर्व कलेक्ट्रेट प्रांगण में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रांत सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बीएलओ को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में पांच विधानसभा और एक आंशिक विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें पुनरीक्षण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु एक उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पांच ईआरओ, 26 एईआरओ, पांच पर्यवेक्षण अधिकारी, 43 सेक्टर अधिकारी, 102 जांच अधिकारी, 331 सुपरवाइजर तथा 3089 बीएलओ लगाए गए हैं। आंशिक विधानसभा में 135 बीएलओ नियुक्त हैं, जबकि राजनीतिक दलों द्वारा 10,451 बीएलए नियुक्त किए गए हैं। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 तक गाजियाबाद में कुल मतदाताओं की संख्या 28,37,991 है, जिसमें 15,66,304 पुरुष, 12,74,449 महिलाएं तथा 188 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जनपद का ईपी रेशियो 59.08 एवं जेंडर रेशियो 812 है। वर्ष 2003 में मतदाताओं की संख्या 15,67,193 थी। कुल 28,37,991 गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण किया जा चुका है, जबकि 14,76,817 प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। भौतिक डेटा मैपिंग का प्रतिशत 38.43 दर्ज किया गया है। जिले में 801 मतदेय स्थलों ने शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया है, जिनमें साहिबाबाद के 342, मोदीनगर के 230, गाजियाबाद के 129, मुरादनगर के 54 और लोनी के 46 मतदान केंद्र शामिल हैं। डीएम ने बताया कि पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी बीएलओ, सुपरवाइजर्स और संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। राजनीतिक दलों के साथ लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही फ्लैट संगठनों, व्यापार मंडलों, उद्योग मंडलों और विभिन्न विभागों के माध्यम से कर्मचारियों एवं नागरिकों को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मीडिया से संवाद स्थापित कर फीडबैक भी लिया जा रहा है। बैठक के दौरान सभी ईआरओ और एईआरओ ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में प्रवासी आबादी रहती है, जिससे घर-घर सत्यापन एवं डेटा मैपिंग में चुनौतियां आ रही हैं। बावजूद इसके अधिकारियों ने भरोसा जताया कि समय सीमा के भीतर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने धीमी गति से कार्य कर रही विधानसभाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेटा मैपिंग तथा रिपोर्टिंग के प्रत्येक बिंदु का सावधानीपूर्वक पुनरावलोकन किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि न रह सके। उन्होंने चेताया कि कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि कमजोर बीएलओ की सहायता सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन कार्य संवेदनशील है, इसलिए किसी प्रकार की अशुद्धि अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर दबाव बनाकर नहीं, बल्कि पूर्ण सहयोग एवं समन्वय के साथ एसआईआर कार्य पूरा कराया जाना चाहिए। सभा में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर, एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने इंदिरापुरम रेल विहार में बीएलओ के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से फीडबैक लिया, जिसमें अधिकांश ने बताया कि निर्वाचन टीम द्वारा सहयोगात्मक तरीके से कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद उन्होंने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर समन्वय से कोई भी कार्य निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जा सकता है। इस दौरान सम्मानित होने वालों में सुपरवाइजर सतीश चंद्र, सुपरवाइजर दिनेश पाल सिंह, बीएलओ शीतल, शालिनी अग्रवाल और प्रतीक्षा अग्रवाल शामिल रहीं।

# ज्वेलर की दिनदहाड़े हत्या से सनसनी

## नकाबपोश हमलावर ने मिर्ची पाउडर फेंककर फरसे से किया ताबड़तोड़ वार

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** मोदीनगर में गुरुवार सुबह हुए एक दिल दहला देने वाले घटनाक्रम ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। गोविंदपुरी मेन बाजार में नकाबपोश बदमाश ने सुव्यवस्थित और खतरनाक तरीके से ज्वेलर्स गिरधारी लाल वर्मा उर्फ गिरधारी लाल सोनी (70) की हत्या कर दी। पूरी वारदात कुछ ही मिनटों की थी, लेकिन उसकी भयावहता सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दी, जिसने शहर में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे गिरधारी लाल अपनी मेन बाजार स्थित दुकान में बैठे हुए थे। तभी नकाबपोश आरोपी दुकान में घुसा और जेब से निकाले मिर्ची पाउडर को सीधे उनके चेहरे पर फेंककर उन्हें असहाय कर दिया। इससे पहले कि गिरधारी लाल कुछ समझ पाते, हमलावर ने फरसे से उनके चेहरे, गले और पेट पर लगातार कई वार कर दिए। अचानक हुए इस हमले ने पूरा बाजार दहशत में डाल दिया। पीड़ित के छोटे बेटे रूपेंद्र ने ऊपर कमरे से शोर सुना और तुरंत नीचे पहुंचा। उसने आरोपी को पकड ? की कोशिश की, लेकिन हमलावर ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोपी ने रूपेंद्र के सिर पर तमंचे की बट से वार किया और भागने के लिए हवाई फायर भी किए। इसके बावजूद पास खड़े लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया और उसे काबू में कर लिया। घटना की खबर फैलते ही पूरे गोविंदपुरी बाजार में आक्रोश फैल गया। व्यापारी दुकानों को बंद कर धरने पर बैठ गए। व्यापारियों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थिति बिगड़ते देख भोजपुर, निवाड़ी, और मुरादनगर थानों से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी और डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला और व्यापारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने इस वारदात को प्री-प्लान तरीके से अंजाम दिया। उसे पहले से मालूम था कि गिरधारी लाल सुबह आमतौर पर दुकान में अकेले होते हैं। आरोपी बाइक पास की गली में खड़ी करके पैदल दुकान तक आया। उसने मुंह पर मास्क, सिर पर कैप और कमर पर बैग पहना हुआ था। पुलिस को संदेह है कि बैग में वह जेवर और नकदी भरकर भागने की योजना लेकर आया था। यह भी आशंका जताई जा रही है कि उसके कुछ साथी आसपास निगरानी कर रहे थे। सुबह के समय भीड़ कम होने के कारण उसने हमला करने के लिए इसी समय को चुना।

घटना के बाद पुलिस ने गिरधारी लाल और घायल रूपेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने गिरधारी लाल को मृत घोषित कर दिया। रूपेंद्र का इलाज जारी है। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने हत्या और लूट के प्रयास का केस दर्ज किया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और जल्द पूरी घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा। गिरधारी लाल एंड संस ज्वेलर्स की मोदीनगर में तीन दुकानें हैं, जिससे यह मामला और भी संवेदनशील माना जा रहा है। इस वारदात ने न सिर्फ व्यापार जगत बल्कि पूरे शहर में असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया है।

# गुलघर द्वितीय में युवक की संदिग्ध मौत पत्नी समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गुलघर द्वितीय में 28 नवंबर को एक युवक की मौत के संदर्भ में मधुबन बापूधाम पुलिस ने गंभीर कदम उठाते हुए युवक की पत्नी और अन्य परिजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की पृष्ठभूमि में परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार युवक लगातार मानसिक प्रताड ?ा और धमकियों का शिकार रहा था, जिसने अंततः उसकी मौत की स्थिति पैदा की। संजयनगर सेक्टर-23 के गुलधर द्वितीय स्थित संतोष नगर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उनके बेटे रोबिन कुमार की शादी 2017 में थाना सिंभावली, जिना हापुड़ के गांव भरना निवासी मीनाक्षी से हुई थी। शुरू में जीवन सामान्य था, लेकिन समय के साथ दंपत्ति के बीच विवाद बढ़ते गए। रोबिन की शादीशुदा जिंदगी में लगातार झगड़े और मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। मनोज कुमार का आरोप है कि मीनाक्षी अक्सर झगड़ा करती थी और अपने पति को दहेज के झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती थी। मामला अदालत में लंबित था, जिसके दौरान मीनाक्षी, उसकी बहन ज्योति, रिश्तेदार आदित्य और माता-पिता विमलेश व ओमपाल सिंह लगातार रोबिन को जान से मारने और एक्सीडेंट करवाने की धमकियां देते थे। इसके चलते रोबिन मानसिक रूप से अत्यधिक दबाव में था और उसकी स्थिति चिंताजनक हो गई थी। परिवार का मानना है कि रोबिन की मौत केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि लगातार मानसिक प्रताडना का नतीजा थी। इस संदर्भ में मधुबन बापूधाम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पत्नी और सास-ससुर समेत पांच लोगों को नामजद करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरी जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

# शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं, एडिशनल पुलिस ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी अपने नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कार्यालय पहुँचे, जहाँ रोजाना की भांति बड़ी संख्या में नागरिक अपनी विभिन्न शिकायतों और समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर उपस्थित हुए। एडीसीपी ने एक-एक कर सभी शिकायतकताओं से संवाद किया और उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका समाधान कराना भी है। उन्होंने बल दिया कि हर शिकायत का निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। एसीपी चौधरी ने अधीनस्थ अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और न ही उसमें लापरवाही बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान पुलिस की छवि को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन का भरोसा भी बढ़ाता है। कार्यालय में आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखने के बाद इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि उनकी सुनवाई संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ की गई। नियमित रूप से आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने और शिकायतकताओं को राहत प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने आश्वस्त किया कि हर शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और समाधान की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# विजयनगर में प्रतिदिन 50 श्वानों के बध्याकरण की क्षमता वाला आधुनिक एबीसी सेंटर तैयार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने उत्तर प्रदेश में पहला ऐसा कदम उठाया है जहाँ तीन एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर संचालित किए जाएंगे। नगर निगम सीमा अंतर्गत विजयनगर सिद्धार्थ विहार में बन रहा तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर जनवरी के अंतिम सप्ताह में शुभारंभ किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार निगम अधिकारी लगातार निर्माण कार्यों में गति लाने के लिए प्रयासरत हैं। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण



अधिकारी ने बताया कि तीसरे एबीसी सेंटर का निर्माण लगभग 2 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से किया गया है और इसका क्षेत्रफल 299.45 वर्ग मीटर है। यह सेंटर प्रतिदिन 50 श्वानों के बध्याकरण की क्षमता रखेगा। वर्तमान में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, बिल्डिंग तैयार है, और इलेक्ट्रिक तथा प्लंबिंग का कार्य जारी है।

नगर आयुक्त ने कहा कि जनवरी से गाजियाबाद में तीन एबीसी सेंटर एक साथ संचालित होंगे। इससे प्रतिदिन 100 से अधिक श्वानों का बध्याकरण सरलता से संभव होगा। संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, ताकि केंद्र के प्रारंभ होने के साथ ही शहरवासियों को इसके लाभ मिल सकें। नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग श्वान रजिस्ट्रेशन में मिल रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार श्वानों से संबंधित समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है और बध्याकरण की कार्यवाही में रफ्तार दी जा रही है। विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम है, जो तीन एबीसी सेंटर संचालित करेगा और जनहित में श्वान संबंधित समस्याओं का समाधान करेगा। विजयनगर सिद्धार्थ विहार में बने तीसरे एबीसी सेंटर का निरीक्षण डॉक्टर अनुज, उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी ने किया। मौके पर निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एस.पी. मिश्रा और पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉक्टर आशीष त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में रंगारंग प्रस्तुतियों, फैशन शो और सम्मान समारोह ने जीता सभी का दिल

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में गुरुवार को बी.डी.एस बैच 2025-29 के स्वागत के लिए भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बी.डी.एस 2024-28 बैच के विद्यार्थियों ने नए साथियों के लिए उत्साह और जोश से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने पूरे परिसर में उमंग और उत्सव का माहौल बना दिया।

फ्रेशर्स कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। नवागंतुक छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग और इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर ऊर्जा और रचनात्मकता के संगम ने उपस्थित अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा प्रस्तुत रैम्प वॉक ने कार्यक्रम में ग्लैमर का विशेष रंग भरा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा फैशन शो, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास भरी अदाओं और स्टाइलिश लुक के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जजों ने सर्वसम्मति से योगांश पोनिया को मिस्टर फ्रेशर और जारा खान को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा। दोनों विजेताओं को आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने ताज पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी, कॉलेज के डीन, सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी तथा बड़ी संख्या में संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति को देखकर आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढ ने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आई.टी.एस डेंटल कॉलेज सदैव छात्र-कल्याण, आधुनिक दंत चिकित्सा पद्धतियों और शिक्षण गुणवत्ता को सर्वोपरि रखता है, ताकि यहाँ से निकलने वाले डॉक्टर मरीजों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान कर सकें। कॉलेज के दंत चिकित्सकों और शिक्षकों ने भी मंच पर आकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जीवन तथा करियर में आगे बढ ? के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम में सौहार्द, रचनात्मकता और प्रतिभा का ऐसा संगम दिखाई दिया, जिसने इसे अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का सफल आयोजन और निरंतर प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया। फ्रेशर्स पार्टी का यह आयोजन नए विद्यार्थियों के लिए न सिर्फ यादगार रहा, बल्कि संस्थान की जीवंत संस्कृति और शैक्षिक उत्कृष्टता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

